RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 14, अंक - 11 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 23 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




# शहीदों के घरों तक पहुंचा मुख्यमंत्री का दीवाली गिफ्ट

श्रीकंचनपथ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर शहीदों के परिजनों को प्रेषित शुभकामना संदेश और उपहार संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों के माध्यम से उन तक पहुंचने लगा है। धरतेरस के मौके पर मुख्यमंत्री का शुभकामना पत्र और दीपावली का उपहार भेंट करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा शहीद आरक्षक महिपाल सिंह एवं शहीद सहायक उप निरीक्षक शोभाराम साहू के घर पहुंचे। उन्होंने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और मुख्यमंत्री की ओर से दीपावली का शुभकामना पत्र और उपहार सौंपते हुए सभी को धनतेरस और दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सीनियर अफसरों ने सौंपे उपहार



उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू तथा पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने भी शहीदों के परिजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई देते हुये सभी शहीद के परिजनों को व्यक्तिगत संदेश पत्र प्रेषित किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि शहीदों के बलिदान को सदा याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री की ओर से शहीदों के परिजनों के लिए प्रेषित दिवाली का शुभकामना पत्र और उपहार संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी शहीदों के परिजनों के घर पहुंचकर दिया जा रहा है।

## शहीद परिवार के घर पहुंचे कलेक्टर व एसपी, दिवाली गिफ्ट के साथ बांटी खुशियां



भिलाई। कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा व एसपी डॉ अभिषेक पल्लव सहित के राजपत्रित अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों घर जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर व एसपी ने शहीद अमित नायक के निवास दिवाली गिफ्ट के साथ ही परिवार से मिलकर खुशियां बांटी। इस मौके पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा व कलेक्टर ने परिजनों से बात की और दीपावली की खुशियां बांटी।

बता दें राज्य शासन ने सभी जिलों में राजपत्रित अधिकारियों को शहीदों के परिजनों के घर पहुंचकर दीपावली की शुभकामना के साथ उपहार देने का निर्देश दिया गया था। इसी कड़ी में दुर्ग जिले में कुल 31 शहीद परिवार निवासरत हैं जिनको संबंधित थाना प्रभारी अपने राजपत्रित अधिकारियों के साथ उनके निवास जाकर दीपावली त्योहार की भेंट व शुभकामनाएं आज दी गई। इसी कड़ी में दुर्ग कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं दुर्ग पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव शहीद आरक्षक अमित नायक के निवास सेक्टर 1 सड़क 1 मकान नंबर 11/क्रपहुंचे। यहां पहुंचकर शहीद परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं व त्योहार का गिफ्ट दिया।



# बड़ी जीत की चाह, गुजरात पहुंच गए हैं शाह, ढीले नट बोल्ट कसना शुरू

**गांधीनगर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात में चुनाव से पहले मोर्चा संभाल लिया है। शाह छह दिन तक राज्य में पार्टी की चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। शनिवार को यात्रा की शुरुआत के साथ ही शाह ने ढीले 'नट-बोल्ट' कसना शुरू कर दिया है। गांधीनगर सीट से सांसद शाह हर जोन के पदाधिकारियों से अलग-अलग बैठक कर रहे हैं। 27 सालों से लगातार सत्ता में काबिज भाजपा यहां अब तक की सबसे बड़ी जीत का लक्ष्य हासिल करने पर जोर दे रही है। वहीं, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भाजपा से सत्ता छीनने की कोशिश में हैं।

नव वर्ष से पहले गृहराज्य पहुंचे शाह जहां एक तरफ त्योहारों को परिवार के साथ मनाएंगे तो उनकी मौजूदगी से राज्य में चुनावी हलचल और तेज होने की उम्मीद है। शनिवार को उन्होंने दक्षिण गुजरात के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ वलसाड में बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात बीजेपी के अध्यक्ष सीआर पाटिल से लेकर मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। रविवार को अमित शाह इसी तरह की बैठक मध्य क्षेत्र के लिए वडोदरा में करेंगे तो उत्तर गुजरात की बैठक सोमवार को पालनपुर में होगी।

प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल कई बार कह चुके हैं कि पार्टी इस बार अब तक की सबसे बड़ी जीत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। गुजरात में कांग्रेस ने 1985 में सर्वाधिक 149 सीटों पर जीत हासिल की थी। बीजेपी ने 2002 में जहां 127 सीटों पर जीत हासिल की थी तो पिछले चुनाव में पार्टी 99 सीटों पर काबिज हुई थी। 182 विधानसभा सीटों वाले राज्य में बहुमत का आंकड़ा 92 है। अब तक यहां कांग्रेस से मुकाबला करती रही भाजपा को इस बार आम आदमी पार्टी की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल लगतार दौरे कर रहे हैं और अपने लोकलुभावन वादों से उन्होंने पार्टी को यहां चर्चा में ला दिया है। बीजेपी के सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने 60 ऐसी सीटों की पहचान की है, जहां मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। पार्टी के रणनीतिकार इन सीटों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि पार्टी उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने से पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों में पर्यवेक्षकों को भेजेगी। 27 साल की एंटी इनकंबेंसी से बचते हुए एक बार फिर जनता का भरोसा जीतने के लिए पार्टी उम्मीदवारों के चयन में काफी सावधानी बरत रही है। इसके लिए पार्टी काफी विचार-विमर्श पर जोर दे रही है। ना सिर्फ मौजूदा पदाधिकारियों बल्कि पार्टी से जुड़े पुराने नेता-कार्यकर्ताओं से भी फीडबैक लिया जा रहा है।

## खास खबर

### नाव हादसा, गंगा नदी में जेपी सेतू के पिलर से टकराई रेत लदी बोट, 5 लोग लापता

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र में जेपी सेतु पुल के पिलर संख्या 12 से टकराकर रेत से लदी एक नाव गंगा नदी में डूब गई। मनेर से आ रही नाव पर 13 मजदूर सवार थे। दुर्घटना के बाद 2 लोग तैरकर बाहर निकल गए। जबकि 6 लोगों को छठ घाट की सफाई कर रहे लोगों ने स्टीमर की मदद से बचा लिया गया। 5 लोग फिलहाल लापता हैं जिनकी तलाश जारी है।

लापता लोगों की पहचान भगवान सिंह पिता भुवनेश्वर सिंह, कैलाश राय पिता सूरज राय, भूलेटन राय पिता रामबालक राय, धर्मेंद्र राय पिता भंगी राय और पप्पू राय पिता मुनि राय के रूप में हुई है। सभी मनेर के गांव महीनावा बगीचा के रहने वाले हैं। यह हादसा रविवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। गत बुधवार को भी दीघा पुल के पिलर से टकराकर एक नाव पलट गई थी। इस नाव में सवार 9 लोगों को बचा लिया गया था। जबकि 2 लोग अब भी लापता हैं।

### शी जिनपिंग के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने से भारत पर क्या असर पड़ेगा, कितनी बढ़ेगी चीन की ताकत?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शी जिनपिंग एक बार फिर से चीन के राष्ट्रपति चुन लिए गए हैं। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी कांग्रेस के 20वें अधिवेशन के समापन के ठीक बाद शी जिनपिंग को लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति चुन लिया गया। जिनपिंग को पार्टी का महासचिव भी चुना गया है। चीन में इस पद पर चुने जाने वाला नेता ही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का कमांडर भी रहता है।

कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद शी जिनपिंग पहले राष्ट्रपति हैं जिन्हें लगातार तीसरी बार कार्यकाल मिला है। इसके पहले माओत्से तुंग ने करीब तीन दशक तक चीन पर शासन किया था। अब तो कहा जा रहा है कि जिनपिंग भी माओ की तरह जीवनभर सत्ता में बने रहना चाहते हैं।

# छत्तीसगढ़ में एसआई भर्ती परीक्षा टली, 6 नवंबर को होनी थी परीक्षा


श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने अगले महीने होने वाली एसआई भर्ती परीक्षा को टाल दिया है। व्यापमं ने इस संबंध में शनिवार को सूचना जारी कर दी है। परीक्षा की अगली तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। एसआई भर्ती परीक्षा टाले जाने के पीछे हाल ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर दिए गए फैसले को माना जा रहा है। इससे पहले तीन सरकारी विभागों में स्टेनोग्राफर भर्ती के लिए चल रही कौशल परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया था।




बता दें छत्तीसगढ़ पुलिस में सब इंसपेक्टर व प्लॉटून कमांडर के विभिन्न पदों के लिये व्यापमं ने सितम्बर से भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। व्यापमं ने अधिसूचना जारी कर इसकी लिखित परीक्षा 6 नवम्बर लेना तय किया था। शनिवार शाम को व्यापमं प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अपरिहार्य कारणों से प्रारंभिक लिखित भर्ती परीक्षा (PRPE22) को स्थगित किया जाता है। आगामी परीक्षा की तिथि की जानकारी छग व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर बाद में दी जाएगी।

### हिमाचल विधानसभा चुनाव के स्टार प्रचारक बने सीएम बघेल, कांग्रेस ने जारी की 40 प्रचारकों की सूची



**रायपुर।** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना स्टार प्रचारक बनाया है। हिमाचल प्रदेश चुनाव की घोषणा पिछले दिनों की गई। उसके बाद से ही वहां राजनीतिक गतिविधियां तेज है। 25 अक्टूबर तक नामांकन होने हैं। 12 नवंबर को वोटिंग होगी और ठीक 26 दिन बाद 8 दिसंबर को चुनाव के नतीजे आएंगे। 68 सीटों वाले हिमाचल प्रदेश की विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने करीब 60 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इस बीच 40 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाते हुए सूची जारी की गई है।

# सीएसवीटीयू देश का पहला यूनिवर्सिटी जिसे शासन ने बनाया ड्रोन सर्वेक्षण के लिए राजकीय सर्वेक्षण एजेंसी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय को डीजीपीएस व यूएवी सर्वेक्षण के लिए राजकीय सर्वेक्षण एजेंसी बनाया गया है। यह पूरे देश में पहला एजेंसी है। किसी तकनीकी विश्वविद्यालय के संसाधनों पर निर्भर होकर राज्य का गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। इससे समय व धन दोनों की बचत राज्य सरकार को होगी। कुलपति डॉ. एमके वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में अध्ययनरत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को नि:शुल्क स्टेशनरी प्रदान किया जाएगा। साथ ही एससी, एसटी, ओबीसी(गैर क्रीमी लेयर) व सामान्य (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा प्रारंभ

यूएवी के बहुविकल्पीय व दूरगामी उपयोग को देखते हुए जल्द ही विश्वविद्यालय यूएवी संचालन के लिए पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करेगा। यह देश में पहली बार होगा जब एक शैक्षणिक संस्थान द्वारा पायलट तैयार होंगे। 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित एक्ट में हुए बदलाव से भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज व ईडी (कार्मिक एवं प्रशासन) अब सीएसव्हीटीयू भिलाई कार्यपरिषद के पदेन सदस्य होगें। वहीं बीएसपी व राउरकेला के इस्पात श्रमवीरों को प्रशिक्षित करने का काम भी विश्वविद्यालय करेगा।

### इन पाठ्यक्रमों का किया जा रहा संचालन

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. एमके वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व डाटा एनालिसिस के दो बीटेक ऑनर्स और माईनिंग व फायरसेफ्टी के दो डिप्लोमा जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य ही भावी अभियंताओं में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा के माध्यम से कौशल क्षमता विकास करना है। जिससे उद्यमिता व औद्योगिक क्षेत्रों के मांग अनुसार योग्य युवा अभियंताओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण युवाओं के रोजगार की सुनिश्चितता के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन शासकीय एवं निजी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ एमओयू किया है। कुछ एमओयू प्रक्रियाधीन है।



## संपादकीय

# इमरान खान की जीत का अर्थ

पाकिस्तान संसद की आठ सीटों के लिए हुए उप-चुनाव में इमरान खान ने छह सीटें जीत लीं। उनकी पार्टी 'पाकिस्तान तहरीके-इंसाफ' ने कुल सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन सातों सीटों पर उसका बस एक ही उम्मीदवार था। उसका नाम था- इमरान खान! क्या आपने कभी सुना है कि भारत, पाकिस्तान या दुनिया के किसी देश में एक ही उम्मीदवार सात सीटों पर एक साथ खड़ा हुआ है? कभी नहीं। यह पहली बार पाकिस्तान में ही हुआ है। भारत और पाकिस्तान में उम्मीदवारों को यह छूट है कि वे एक से ज्यादा सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन इमरान खान की खूबी यह है कि वे छह सीटें जीतने के बावजूद पाकिस्तान की संसद में पांव भी नहीं रखेंगे। उनकी पार्टी संसद का बहिष्कार कर रही है। उनका कहना है कि शाहबाज शरीफ की यह सरकार विदेश से आयातित है या फौज के द्वारा थोपी गई है। अब जो संसद पाकिस्तान में चल रही है, वह भी फर्जी है। असली संसद और असली सरकार तभी बनेगी, जबकि चुनाव होंगे और जनता उनको चुनेगी। यों तो चुनाव 2023 में होने हैं लेकिन इमरान की मांग है कि वे तुरंत होने चाहिए। इमरान जबसे अपदस्थ हुए हैं, वे अनवरत आंदोलनकारी बन गए हैं। पूरे पाकिस्तान में घूम-घूमकर वे सभाएं और प्रदर्शन आयोजित कर रहे हैं। सरकार भी उनका जमकर पीछा कर रही है। इमरान की सभाओं में लाखों लोग आ रहे हैं और उनको सभी प्रांतों में भारी जन-सहयोग मिल रहा है। इमरान पठान हैं लेकिन उनका पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में भी पख्तूनख्वाह की तरह गर्मजोशी से स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार जल्दी ही चुनाव नहीं करवाएगी तो वे धरने, प्रदर्शन और सत्याग्रह आदि का जबर्दस्त आयोजन करेंगे। उनका आरोप है कि सरकार उन्हें कुछ आपराधिक मामलों में भी फंसाने की कोशिश कर रही है लेकिन उसकी दाल नहीं गल पा रही है। वे शाहबाज सरकार को 'भ्रष्ट और भगोड़ों' की सरकार कहकर संबोधित करते हैं। जिस फौजी नाराजी के कारण इमरान की सरकार गिरी थी, वह फौज भी तटस्थ दिखाई पड़ रही है। इस समय पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता हो गई है। भयंकर बाढ़ ने कोढ़ में खाज का काम किया है। मंहगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। शाहबाज शरीफ पंजाब प्रांत के सफल और यशस्वी मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन उनकी बदक़िस्मती है कि उनका प्रधानमंत्री-काल इतना संकटापन्न है। इस उप-चुनाव में इमरान की प्रचंड विजय ने उनकी सरकार की चूलें हिला दी हैं।

"वे शाहबाज सरकार को 'भ्रष्ट और भगोड़ों' की सरकार कहकर संबोधित करते हैं। जिस फौजी नाराजी के कारण इमरान की सरकार गिरी थी, वह फौज भी तटस्थ दिखाई पड़ रही है। इस समय पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता हो गई है। भयंकर बाढ़ ने कोढ़ में खाज का काम किया है। मंहगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। शाहबाज शरीफ पंजाब प्रांत के सफल और यशस्वी मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन उनकी बदक़िस्मती है कि उनका प्रधानमंत्री-काल इतना संकटापन्न है।

## गुजराती अस्मिता का मोदी का दांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं तब वे उसी प्रदेश के प्रधानमंत्री की तरह बरताव करते हैं। वे देश के प्रधानमंत्री की तरह वोट नहीं मांगते हैं, बल्कि गुजरात के प्रधानमंत्री की तरह वोट मांगते हैं। उनका पूरा प्रचार गुजराती अस्मिता के ऊपर होता है, जिसके एकमात्र प्रतीक वे खुद होते हैं। गुजरात में चुनाव की घोषणा से पहले वे राज्य के लगातार दौरे कर रहे हैं और चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने अपने ताजा दौरे में बुधवार को दो जगह गुजराती अस्मिता को ललकारा। प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि गुजरात को गाली देने वालों को सबक सिखाना है। इसके बाद जूनागढ़ में यह भी कहा कि कुछ लोगों को गुजरात की सफलता रास नहीं आती। पिछले दौरों में भी उनको कई बार कहा कि गुजरात का विकास रोकने के प्रयास हुए और गुजरात को बदनाम किया गया।

इस तरह की अस्मिता की बात वे दूसरे राज्यों में नहीं करते हैं। देश के किसान जब दिल्ली की सीमा पर धरने पर बैठे तो उनको खालिस्तानी और आतंकवादी कहा गया लेकिन पंजाब की सभाओं में प्रधानमंत्री ने कभी नहीं कहा कि पंजाब को बदनाम करने वालों को सबक सिखाना है, क्योंकि बदनाम करने वाले भाजपा के ही लोग थे। इसी तरह बिहार और यूपी यानी पूर्वांचल के लोगों के साथ देश भर में भेदभाव होता है, उन्हें अपमानित किया जाता है लेकिन उनकी अस्मिता का मुद्दा पीएम कभी नहीं उठाते हैं। राजधानी दिल्ली सहित देश के अनेक राज्यों में पूर्वोत्तर के लोगों को चिढ़ाया जाता है और दक्षिण भारतीयों को भी मजाक उड़ाया जाता है लेकिन उनके स्वाभिमान को लेकर प्रधानमंत्री कुछ नहीं कहते हैं।

"हमें बस इतना करना है कि समाज की निचली सीढ़ी पर बैठे लोगों के भरोसे को डिगने नहीं देना है। कोविड के दौरान सरकार ने उन्हें नि:शुल्क राशन दिया, जिससे उनमें भरोसा जागा कि हम सिर्फराम-भरोसे नहीं हैं। अब उन्हें उनकी सरजमीं पर ही सक्षम बनाने की जरूरत है। हमें उनका पलायन रोकना होगा।

# दरिद्र नारायण को भूलिए मत

शशि शेखर



हर दीपावली मुझे दु:स्वप्न की तरह दो दृश्य याद आते हैं- पहला, 12 नवंबर 2007, मॉस्को। हमलोग तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ रूस में थे। वहां के भारतीय दूतावास ने चुनिंदा लोगों के लिए आलीशान रेस्तरां, 'नसीरुद्दीन' में रात्रिभोज का आयोजन किया था। नसीरुद्दीन दिव्य मध्य एशियाई भोजन के साथ बैले नृत्य के लिए मशहूर है। वहां थिरक रही नर्तकी की ओर जब भी नजर उठती, तो उसकी आंखों में सूनेपन का समंदर ठहरा हुआ पाता। चकाचौंध भरी जगहों पर परिचारकों और प्रस्तुतकर्ताओं की आंखों में अक्सर ऐसे भाव दिखाई दे जाते हैं। तब तक मालूम न था कि कुछ मिनट बाद ऐसा दृश्य सामने आने वाला है, जो स्मृतियों के खंडहरों में अपनी स्थायी जगह बना लेगा।

भोज समाप्त कर हम एयरकंडीशंड गाड़ियों में सवार हो मोस्क्वा नदी की ओर बढ़ चले थे। चौड़ी सड़कों के दोनों ओर गगनचुंबी इमारतें पसरी हुई थीं। एक लालबत्ती पर गाड़ी रुकी और अचानक बगल की गली में मेरी नजर पड़ी। कमान जैसी झुकी कमर लिए एक बुजुर्ग महिला छड़ी के सहारे खरामा-खरामा किसी तरह आगे बढ़ने की कोशिश कर रही थी। मॉस्को को जानने वाले जानते हैं कि मध्य नवंबर का वक्त वहां कितना सर्द होता है। बर्फ पड़नी शुरू हो चुकी थी और बर्फीली हवाएं बदन को चीरे डाल रही थीं। ऐसे में किसी तरह खुद को आगे धकेलती वृद्धा के दोनों ओर बहुमंजिला इमारतों के साए मानो उसे लीले जा रहे थे। कवि दुष्यंत दिमाग के बंद दरवाजे भड़भड़ाने लगे थे- ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा, मैं सजदे में नहीं था आपको धोखा हुआ होगा। तीन दिन पहले हम संपदा का त्योहार दिवाली मनाकर नई दिल्ली से उड़े थे। मॉस्को वह शहर है, जहां संसार के सर्वाधिक नवधनाढ्य रहते हैं। पूंजीवाद ने सिर्फ इस मुल्क के समाजवाद को नहीं लीला, बल्कि उस वृद्धा जैसे लाखों लोगों को आफतों के अनंत साए में धकेल दिया है।

अगला वाकया दिल्ली में पेश आया। पांच साल बाद लगभग वैसा ही दृश्य दिवाली से दो दिन पहले देश की राजधानी में देखने को मिला। मैं रांची से देर शाम की उड़ान से लौटकर घर की ओर निकला था। चाणक्यपुरी के एक पंच सितारा होटल के ठीक बगल वाली सड़क पर मैंने मजदूर मां को अपने पांच-छह साल के बच्चे के साथ तेज कदमों से घर लौटते देखा। राजनयिकों और रईसों की इस रिहाइश में गरीबों के डेरे न जाने कितनी दूर और कहां हैं? पता नहीं, तेज भागती गाड़ियों के बीच उन्हें कितनी और देर कदम घसीटने थे? लगता था कि हेडलाइट्स की चुंधियाती रोशनी पर परत की तरह जमे ऊंची इमारतों की परछाइयों के बोझ में वे मां-बेटे दबे जा रहे हैं।

तब से अब तक गंगा, यमुना, दजला, फरात, मोस्क्वा, राइन और इन जैसी दुनिया भर की तमाम नदियों में न जाने कितना जल बह गया, लेकिन विषमता की खाई कम होने के बजाय विकराल होती चली गई। इस दौरान कुछ अच्छी खबरें अवश्य आईं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी ताजा रिपोर्ट में भारत की अनुमानित विकास दर को कुछ कम करने के बावजूद मंदी से खुद को बचा सकने में सक्षम आंका। यही रिपोर्ट बताती है कि साल 2028 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी तरह, संयुक्त राष्ट्र का पिछले हफ्ते प्रकाशित हुआ सर्वेक्षण कहता है कि 2005-21 के बीच भारत में 41.5 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठाए गए। यकीनन, कोविड और दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बावजूद मोदी सरकार ने हिम्मत और हौसले को कायम रखा है। हालांकि, असमानता की खाई हमारे यहां भी पांव पसार रही है। इस पर नजर रखनी जरूरी है।

स्वदेशी का मॉडल इस महादुर्दशा से उबारने में कामयाब हो सकता है। वजह? हिन्दुस्तान के गांव और कस्बे अभी तक ऊर्जा रहित नहीं हुए हैं। आपको आंख खोलने वाला एक उदाहरण देता हूं। देश की सर्वाधिक प्रति-व्यक्ति आय का गौरव रखने वाले छोटे-बड़े प्रमुखतम शहरों में गुजरात का छोटा कस्बाई शहर मोरबी है। बरसों पहले शामली गया था। वहां के लोगों ने कहा था, प्रति-व्यक्ति आयकर देने के मामले में हम बेंगलुरु से आगे हैं। मैंने कभी इस दावे को आंकड़ों की कसौटी पर नहीं कसा, मगर इसमें दो राय नहीं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस कस्बे के लोग अपने दम-खम पर यकीन रखने वाले थे। खुद पर यकीन रखने वालों की हार नहीं होती।

हमें बस इतना करना है कि समाज की निचली सीढ़ी पर बैठे लोगों के भरोसे को डिगने नहीं देना है। कोविड के दौरान सरकार ने उन्हें नि:शुल्क राशन दिया, जिससे उनमें भरोसा जागा कि हम सिर्फ राम-भरोसे नहीं हैं। अब उन्हें उनकी सरजमीं पर ही सक्षम बनाने की जरूरत है। हमें उनका पलायन रोकना होगा। तीन वर्ष पूर्व जारी एक सरकारी सर्वे के अनुसार, प्रति मिनट 25-30 व्यक्ति रोटी-रोजगार या बेहतरी के लिए गांवों से शहर की ओर भाग रहे हैं। यही रफ्तार रही, तो देश की 60 करोड़ आबादी अतिशीघ्र शहरों में रहती पाई जाएगी। हमारे शहर पहले से ही जनसंख्या के बोझ से कराह रहे हैं। गंदे होते शहर और वीरान हो रहे गांव हमारा नसीब नहीं सुधार सकते।

अब दुनिया के अन्य देशों पर नजर डाल लेते हैं। अमेरिका के चर्चित सांसद बर्नी सैंडर्स के अनुसार- 'आज जब साठ प्रतिशत से अधिक अमेरिकी सिर्फ मासिक वेतन पर जी रहे हैं, तब केवल तीन लोगों के पास अमेरिकी समाज के निचले आधे हिस्से के मुकाबले अधिक दौलत है। शीर्ष के इन तीनों के पास नीचे के 16.5 करोड़ लोगों से ज्यादा संपत्ति है।' यूरोप और चीन भी समान समस्या से जूझ रहे हैं।


मैं दिवाली के मौके पर आपका ध्यान इन डरावने आंकड़ों की ओर इसलिए खींचना चाहता हूं, क्योंकि हम हिंदू इस दिन लक्ष्मी के साथ कुबेर को पूजते हैं। क्यों? हिंदू धर्मशास्त्र के आधिकारिक विद्वान 'भारत-रत्न' पांडुरंग वामन काणे के मुताबिक, दिवाली का आरंभिक उल्लेख वात्स्यायन के कामसूत्र में मिलता है, जहां इसका वर्णन यक्ष रात्रि के रूप में किया गया है। यक्ष-संस्कृति के नायक कुबेर हैं और कुबेर को निर्विवाद तौर पर धन का देवता कहा जाता है।

कुबेर धन-संपदा के अधिपति अवश्य हैं, पर हमारी संस्कृति का एक और तत्व है- दरिद्र नारायण की सेवा। इसके बिना अकूत संपदा का स्वामी भी धनपति नहीं माना जाता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था- 'एकमात्र ईश्वर जिसका अस्तित्व है, एकमात्र ईश्वर जिस पर मैं विश्वास करता हूं, वह दीन-हीन व दुखी लोगों में निवास करता है और इनकी सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है।'

आज जब नए उभरते हर कुबेर के साथ हजारों दरिद्र पनप रहे हैं, तब सवाल उठता है कि इस खाई को कैसे पाटा जाए? हम भारतीय ऐसे असुविधाजनक प्रश्नों के उत्तर खुद खोजते आए हैं, आज नहीं तो कल इस पहेली को भी सुलझा ही लेंगे। इसी नेक उम्मीद के साथ आप सबको दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!

# एक उनके कर्म ने पूरे गांव को रोशन कर दिया

मतिल्दा कुल्लू, आशा कार्यकर्ता



अंधेरे के कई रूप होते हैं। इनमें से एक रूप सामाजिक रूढ़ियों का है और इस अंधेरे को दूर करने वाले लोग ही बदलाव के सच्चे प्रतिनिधि होते हैं। मतिल्दा कुल्लू को हम इसी श्रेणी में गिनेंगे। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के पिछड़े से गांव गर्गडबहल में 46 साल पहले वह पैदा हुई थीं। आदिवासी गांवों की बदहाली की सैकड़ों कहानियां कही-सुनी जा चुकी हैं, मगर दुर्योग से उनकी दशा-दिशा में बहुत फर्क नहीं आया। मतिल्दा का गांव भी दशकों तक स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहा और जब ये सुविधाएं आईं भी, तो आधी-अधूरी पहल ने उनके अस्तित्व को वर्षों तक सवालों के घेरे में रखा।

आदिवासी गांवों की उस दौर की दूसरी बेटियों की तरह ही मतिल्दा का भी स्कूल व किताबों से बहुत लंबा नाता न बन सका। बमुश्किल दसवीं पास मतिल्दा के लिए सबसे बड़ा प्रमाणपत्र घरदारी में महारत हासिल करना ही था। गांव-समुदाय की परंपरा के मुताबिक, घर वालों ने किशोरावस्था में एक खेतिहर नौजवान से उनकी शादी कर दी और जल्द ही वह दो बच्चों की मां भी बन गईं। मगर नब्बे के दशक की शुरुआत में भारत ने एक नई करवट ली थी। दूरसंचार क्रांति और सूचनाओं के प्रसार ने आधुनिक तरक्की से सुदूर इलाकों को भी आगाह करना शुरू कर दिया था। मतिल्दा को भी महसूस होने लगा था कि उनके बच्चों की जिंदगी वैसी ही नहीं होनी चाहिए, जैसी वह गुजार रही हैं। खेती और पशुपालन से होने वाली पति की कमाई से चार लोगों के परिवार का गुजारा मुश्किल से चल पा रहा था, लिहाजा मतिल्दा ने सिलाई का काम सीखा, ताकि थोड़ा-बहुत वह भी कमा सकें। लेकिन गांवों में कपड़े भी कौन रोज-रोज सिलवाता है? बच्चों के बेहतर भविष्य की चिंता मतिल्दा को अक्सर उद्वेलित करती, लेकिन उनके चारों ओर लाचारी की ऊंची दीवारें खड़ी थीं। उनका परिवार आखिर क्या करता?

साल 2006 की बात है। स्वास्थ्य-क्षेत्र में आधारभूत बदलाव के इरादे से कुछ कदम उठाए गए थे, जिनके तहत हर गांव में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति की जा रही थी। आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति के पीछे मकसद प्रसव मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर पर जल्द से जल्द नियंत्रण पाना था। मतिल्दा ने इस पद के लिए आवेदन किया और उनका चयन हो गया। लेकिन काम बहुत कठिन था। मतिल्दा जिस इलाके से आती थीं, वहां के लोग आधुनिक चिकित्सा के बजाय झाड़-फूंक पर ज्यादा यकीन करने वाले थे। वह अपने गांव की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रेरित करतीं, मगर कोई उनकी बात सुनने को तैयार न था।

मतिल्दा ने यह नौकरी तो चंद रुपयों की आस में की थी, ताकि अपने दोनों बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए वह कुछ पैसे जुटा सकें, पर आहिस्ता-आहिस्ता उन्हें एहसास हुआ कि गांव की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग भी तो अपने ही हैं। किसी शिशु की मौत पर उसकी मां का मर्मभेदी क्रंदन या मां की मृत्यु के बाद नवजात की कठिन परवरिश का दृश्य वह देख रही थीं। ऐसे ही एक मौके पर उन्होंने तय किया कि वह अपने गांव के लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा-पूरा लाभ दिलाकर रहेंगी। इसके लिए वह प्रखंड से लेकर जिला स्तर के सभी प्रशिक्षण शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने लगीं। शुरू-शुरू में जो लोग उनकी बात एक कान से सुन दूसरे से निकाल दिया करते, यहां तक कि उनकी जाति के कारण अपनी गर्भवती महिलाओं को छूने नहीं देते थे, वे भी उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता देखकर हथियार डालने लगे। मतिल्दा हर गर्भवती महिला के घर जाकर उसे पोषण संबंधी जरूरी हिदायत के साथ स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध मुफ्त दवाएं भी देने लगीं। इसका औरतों व उनके घर वालों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर हुआ। वे उन्हें प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने लगे। जिनस्त्रियों को ज्यादा समस्या होती, उन्हें जिला अस्पताल तक भिजवाने में वह मदद कर देतीं। इस सब ने गांव वालों के मन में उनके लिए गहरा सम्मान पैदा कर दिया। आज स्थिति यह है कि अब हर महिला अस्पताल में ही अपने बच्चे को जन्म देना चाहती है। पिछले सोलह वर्षों में उन्होंने लगभग 200 महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी कराई है।

आज गांव में किसी को भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या पैदा होती है, तो वह सबसे पहले मतिल्दा से ही संपर्क करता है। उन्होंने गांव में टीबी समेत दूसरे संक्रामक रोगों के प्रति भी व्यापक जागरूकता पैदा की है। जिस गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कभी कोई डॉक्टर झांकने तक नहीं आता था, उस गांव में एक मतिल्दा की बदौलत आश्चर्यजनक बदलाव आया। एक वक्त वह भी आया, जब डॉक्टर खुद मतिल्दा को लेबर रूम में बुलाकर बताया करते कि किस तरह प्रसव कराना है। जो परिवार अपनी गर्भवती बहू-बेटियों को उन्हें छूने नहीं देते थे, वे उन्हें आग्रह के साथ बुलाने लगे। मतिल्दा का भगीरथ प्रयास यहीं नहीं रुका। कोविड महामारी के दौरान उन्होंने क्रांतिकारी काम किया। पहले तो गांव में घूम-घूमकर न सिर्फकोविड के लक्षणों के बारे में लोगों को जागरूक किया, बल्कि गांव में कौन बाहर से आया है, इसका भी पूरा रिकॉर्ड तैयार किया। यदि कोई संक्रमित हुआ, तो उसे लेकर वह अस्पताल तक गईं। लोग वैक्सीन लगवाने को बिल्कुल तैयार न थे, तब आगे बढ़कर पहला टीका उन्होंने खुद लगवाया और गांव वालों को प्रेरित किया कि एक भी बुजुर्ग बाकी न रहें। वह खुद संक्रमित भी हुईं, मगर 20 दिनों में स्वस्थ होकर फिर अपने काम में जुट गईं। उनके कारण 18 साल से ऊपर के हर एक गांववासी ने कोविड के दोनों टीके लगवाए। कर्मठ लोगों की जिंदगी उनके कर्म से रोशन होती है। मतिल्दा को फोर्ब्स इंडिया ने पिछले वर्ष भारत की सबसे ताकतवर औरतों में शुमार किया।


**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# फिर उलटा पड़ता प्रतिबंध

रूस पर प्रतिबंधों के अनुभव से कोई सबक ना लेकर हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम बैकफायर करता दिख रहा है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और यूरोप ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उनका उलटा असर हुआ। उनसे रूस की अर्थव्यवस्था तो उतनी प्रभावित नहीं हुई, लेकिन यूरोप के लिए तबाही के रास्ते खुल गए। पश्चिम में यह अहसास तीन या चार महीनों के बाद जाकर हुआ। लेकिन तब तक पश्चिम के लिए कदम पीछे खींचने के विकल्प सीमित हो चुके थे। बहरहाल, अमेरिका ने उससे कोई सबक नहीं लिया। हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए वह सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम फिर बैकफायर करता दिख रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल से लेकर रिपोर्टों और विश्लेषणों में अमेरिकी चिप इंडस्ट्री के संकटग्रस्त होने की चर्चा खुल कर हुई है। काबिल-ए-गौर बात इस उद्योग से जुड़े लोगों की सामने आई यह राय है कि अमेरिकी प्रतिबंधों से हाई टेक क्षेत्र में चीन की प्रगति की रफ्तार तो घटेगी, लेकिन अब वह इतना आगे बढ़ चुका है कि देर-सबेर सेमीकंडक्टर उत्पादन के मामले में आत्म निर्भर हो जाएगा। जबकि दुनिया का सबसे बड़ा बाजार- यानी चीन के हाथ से निकलने के बाद अमेरिका की प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां अपने पूंजीगत निवेश मे कटौती के लिए मजबूर हो जाएंगी। इसका असर उनके रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर पड़ेगा। इससे संभव है कि भविष्य में जहां चीन इस क्षेत्र में अग्रणी बन जाए, वहीं अमेरिका का प्रभाव घट जाए। इस सिलसिले में इन तथ्यों का उल्लेख किया गया है कि 2021 में चीन ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता वाले रिसर्च पेपर के प्रकाशन के मामले में भी अमेरिका को आगे छोड़ दिया। इसी वर्ष चीनी कंपनियों ने जहां 73 हजार से ज्यादा पेंटेट हासिल किए, वहीं अमेरिका के मामले में ये संख्या। 56 हजार रही। हर साल पढ़ कर बाहर आने वाले इंजीनियर और टेककर्मियों के मामले में चीन काफी पहले आगे निकल चुका है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेः- 9827806026, 7869620239


















# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने किया पदभार ग्रहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित गरिमामय पदभार ग्रहण समारोह में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में एवं निवृतमान जिलाध्यक्ष एवं नवनियुक्त प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य श्रीचंद सुंदरानी से जिला अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया।**



उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल जी, रायपुर सांसद सुनील सोनी जी, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत जी, पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने , राजीव अग्रवाल , अशोक पाण्डेय, संजय वास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , मोतीलाल साहू, सुभाष तिवारी, अंजय शुक्ला. अमित साहू जी, मिर्जा एजाज बेग, गुंजन प्रजापति जी जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा की चंद सुन्दरानी के सफल कार्यकाल में हम सबने मिलकर दुगनी उर्जा के साथ कार्य किया अब जयंती भाई पटेल के साथ चौगुनी उर्जा के साथ हम सभी कार्य करेंगे और कमल का फूल खिलाकर भाजपा की सरकार बनायेंगे उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल को बधाई व शुभकामना दी। उक्त अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने निवृतमान जिलाध्यक्ष चंद सुंदरानी के सफल कार्यकाल के सराहना करते हुए उन्हें शुभकामना दी और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल को बधाई देते हुए कहा की दुगनी ताकत से सभी कार्यकर्ता जुटेंगे और आने वाले समय के अन्दर जो हमारे सामने जो चुनौती है उसका सफलता पूर्वक सामना करते हुए एक जुटता के साथ कांग्रेस की भृष्ट सरकार को उखाड़ फेकेंगे। पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल को शुभकामना देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी में दायित्व और जिम्मेदारियां बदलते रहती है और हम सभी कार्यकर्ता लगातार कार्यकर्ता के भाव से हर दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन करते रहते है 7 निवृतमान जिलाध्यक्ष चंद सुन्दरानी के सफल कार्यकाल में हमने कई आन्दोलन किये और सरकार की गलत नीतियों को खिलाफआवाज बुलंद करने का कम किया उन्होंने सफल कार्यकाल के लिए चंद सुन्दरानी और रायपुर जिले के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा की आने वाला समय चुनौतियों से भरा हुआ है और हम सब मिलकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे और संगठन के मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने कहा की मै पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभारी हु की मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ है मैं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा करके संगठन को और अधिक गतिशील सक्रिय करने निरंतर कार्य करूँगा भारतीय जनता पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाके जो मुखे दायित्व दिया है उसको में आप सब के सहयोग और आशीर्वाद से सफलता पूर्वक निर्वाहन करूँगा मेरा लक्ष होगा मिलकर प्रदेश की निकम्मी भ्रष्ट भूपेश बघेल सरकार को आने वाला विधानसभा चुनाव में रायपुर की चारो सीटें जीत कर सुशासन और विकास की पर्याय भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करूंगा।

# चेम्बर ने हत्या और लूटपाट के अपराधियों के पकड़े जाने पर गृहमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया

## अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए : पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 22 अक्टूबर 2022 शनिवार को चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल एवं रायपुर सराफा एसोसियेशन के पदाधिकारी चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में गृहमंत्री, ताम्रध्वज साहू से उनके निवास में मुलाकात कर अमलेश्वर में हुए सराफा व्यापारी की हत्या और लूटपाट के अपराधियों के पकड़े जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा हेतु उचित कदम उठाने का आग्रह किया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि त्यौहारी सीजन में अम्लेश्वर के सराफा व्यापारी के साथ हुए हृदयविदारक घटना से पूरे प्रदेश के व्यापारियों में चिंता और भय व्याप्त था, परंतु प्रदेश के गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के कुशल नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने बड़ी मुस्तैदी से हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इसके लिये छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्रदेश के समस्त व्यापारियों की ओर से गृहमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री पारवानी ने हत्या के आरोपियों के लिये कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हुए व्यापारियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा व्यापारिक संस्थानों एवं व्यापारियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाया जावे जिससे भविष्य में व्यापारियों को इस तरह की अप्रिय घटनाओं से निजात मिल सके। उन्होंने प्रदेश में व्यापारियों पर बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त की तथा भविष्य में अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की बात कही ताकि अपराधी कोई वारदात करने से पहले हजार बार सोचे साथ ही गृहमंत्री से यह आग्रह भी किया कि लूटा गया जब्त सामान और राशि को पीड़ित परिवार के सुपुर्द किया जावे। प्रतिनिधि मंडल में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, नरेन्द्र दुग्गड़, दीपचंद कोटड़िया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## खास खबर

### जिले में स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों में आग से बचाव संबंधित गाईड लाईन जारी

**गरियाबंद।** दिवाली से पहले अग्निशमन विभाग द्वारा जिले में संचालित स्थाई-अस्थाई फटाखा दूकानों में आग से बचाव संबंधित गाईड लाईन जारी किया गया है। जारी गाइडलाइन अनुसार पटाखा दूकान किसी भी ज्वलनशीन पदार्थ जैसे कपडा, बांस, रस्सी, टेण्ट इत्यादि का होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टीन सेड़ द्वारा निर्मित होना चाहिए । फटाख दूकान एक-दूसरे से कम से कम 03 मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक-दूसरे के सामने नही बनाने, फटाख दूकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैम्प, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित है। किसी भी फटाखा दुकान से 50 मीटर के अन्दर आतिशबाजी प्रदर्शन पनहीं करने, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला न करे एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकान ट्रांसफार्मर के पास न हो, उनके उपर कोई हाईटेंशन लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक फटाखा दुकानों में 5 के.जी. क्षमता का डी.सी.पी. अग्निशामक यंत्र होना चाहिये। (इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है), दुकान के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ करने, फटाखा दुकानों के सामने बाईक व कार की पार्किंग नही करने, अग्निशमन विभाग व एम्बुलेंस का संपर्क नंबर दुकान परिसर में रखने एवं अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिये पर्याप्त जगह रखने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान उक्त नियामों के पालन नही करने पर छ.ग. अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं अधिनियम 2018 व छ.ग. अग्निशमन एवं आपातकालीन नियामावली 2021 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# शारीरिक विकास के लिए जरूरी है आयोडीन युक्त नमक

## वैश्विक आयोडीन अल्पता बचाव सप्ताह का 27 अक्टूबर तक किया जा रहा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। मानव शरीर के सर्वांगीण विकास के लिये आयोडीन एक आवश्यक तत्व है। शरीर की महत्वपूर्ण क्रियाएं आयोडीन पर निर्भर करती है। आयोडीन की कमी से कई प्रकार की स्वास्थ्य गत समस्याएं होती हैं और बच्चों के विकास पर भी इसका असर पड़ता है। इसलिए जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 से 27 अक्टूबर के बीच वैश्विक आयोडीन अल्पता बचाव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को सही मात्रा में आयोडीन सेवन की जानकारी देना है।**



सीएमएचओ डॉ.आर.के.चतुर्वेदी ने बताया: जिले में 21 अक्टूबर से शुरू हुए आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण सप्ताह के दौरान आयोडीन युक्त नमक की महत्वता, उपलब्धता व इसके उपभोग को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आयोडीन मानसिक विकास के लिए, थाइरॉयड का सही तरीके से काम करने और शरीर के सम्पूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है। आयोडीन मनुष्यों में शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व है।

उन्होंने बताया: विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार किशोर और व्यस्कों के लिए रोजाना 150 माइक्रोग्राम, एक से 11 वर्ष के बच्चों के लिए 90-100, एक वर्ष से कम शिशु के लिए 50-90 और गर्भवती महिलाओं के लिए प्रतिदिन 200-220 माइक्रोग्राम आयोडीन की जरूरत होती है। आयोडीन की कमी होने से महिलाओं में गभर्पात का खतरा रहता है। गर्भस्थ शिशु का ठीक ढंग से मानसिक-शारीरिक विकास ठीक से नहीं हो पाता। आयोडीन की कमी से थायराइड अनियंत्रित हो जाता है। किसी को भी घेंघा रोग हो सकता है।

### जागरूकता के लिए होंगे कार्यक्रम

21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के मध्य आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण के संबंध में जिला स्तर पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला होगा। इसके साथ ही निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। जिला चिकित्सालयों, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्कूल में स्वास्थ्य शिक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण से संबंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की जाएगी। इसके अलावा आयोडीन अल्पता से ग्रसित जिलों के मितानिन द्वारा उपलब्ध नमक परीक्षण कीट के माध्यम से ग्राम स्तर पर नमक जांच अभियान चलाया जाएगा।

### आयोडीन कमी के लक्षण

कमजोरी होना, वजन बढ़ना, थकान महसूस होना, त्वचा में रूखापन, बाल झड़ना, दम घुटना, नींद अधिक आना, मासिक धर्म अनियमित होना, हृदय गति धीमी होना, यादाश्त कमजोर होना, चेहरे व गले पर सूजन और मांसपेशियों में जकड़न।

### आयोडीन की अधिकता से नुकसान

चाऊमीन, चिली पोटेटो, हाट डाग, बर्गर, फ्राइड राइस, सांबर, नमकीन सहित चटपटा भोजन सेवन के कारण करीब 70 फीसद लोग 250 माइक्रोग्राम तक आयोडीन ले रहे हैं। इससे नींद न आना, मोटापा, पीरियडस अनियमित होना, घबराहट और रक्तचाप के रोगी बढ़ रहे हैं। स्वाद ग्रंथियों भी प्रभावित हो रही हैं।

# शिक्षक संगठनों ने मंत्री कवासी लखमा का किया अभिनन्दन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत पदोन्नति की प्रक्रिया जो कि 5 वर्ष की अवधि को तीन वर्ष करने के कैबिनट में लिए गए निर्णय के कारण बस्तर संभाग के 5000 से अधिक सहायक शिक्षकों को प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत कर पदस्थापना करने के कारण वेतन विसंगति की मार झेल रहे सहायक शिक्षकों को काफी राहत मिली है। सरकार ने दीपावली त्यौहार पर सहायक शिक्षको को तोहफा दिया है।**

शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों के द्वारा सर्किट हाउस जगदलपुर में जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मिलकर सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्मचारी नेताओं ने मंत्री लखमा से कहा कि वर्षो पुरानी यह मांग थी। जिसे प्रदेश की सरकार ने पूरा किया पदोन्नत सहायक शिक्षकों को सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से 8000 से अधिक की वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा।

कर्मचारी नेताओ ने मिठाई खिलाकर मंत्री लखमा का अभिनन्दन किया। मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि प्रदेश की सरकार कर्मचारियों के हित में कार्य करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी । शिक्षक नेताओ ने मंत्री से माँग की जो भी शिक्षक परिभृमण के दायरे में आए हुए हैं उनका भी निराकरण करने की बात कही जिस पर मंत्री ने कहा कि सभी के साथ न्याय होगा। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से बस्तर जिले के 1188 सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थापना दी गई है जिसमें से 97त्न प्रधान पाठकों ने अपनी अपनी शालाओं में पदभार ग्रहण कर लिया है

### कर्मचारियों के हितैषी सरकार

शिक्षक संगठन के कर्मचारी नेता शैलेन्द्र तिवारी,प्रवीण वास्तव ने मंत्री लखमा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बंद पड़ी पेंशन योजना को आरम्भ कराना सहायक शिक्षको को शिक्षक एवं प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत करना ऐतिहासिक निर्णय था ।जिसका शिक्षक संवर्ग वर्ग स्वागत करता है।

इस अवसर पर टीचर्स एसोशिएसन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण वास्तव, छग प्रदेश सँयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी,सीजीटीए के जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सचिव शिव चंदेल, सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष भुपेश पाणिग्रही, देवराज खूँटे, गणेश्वर नायक उपस्थित थे।

# डेंगु एवं मच्छर नियंत्रण हेतु बीएसपी का प्रयास

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा भिलाई टाउनषिप में डेंगु तथा मच्छर नियंत्रण हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जिसमें डेंगु रोकथाम से लेकर लोगों में जागरूकता जगाने तक के विभिन्न कार्यों को बखूबी अंजाम दिया जा रहा है। सर्वेक्षण के साथ ही दवा वितरण तथा फॉगिंग जैसे कार्य सम्पन्न किये जा रहे हैं।

विदित हो कि भिलाई टाउनशिप की हरियाली एवं आवासों के साथ लगी खाली भूमि लोगों को बेहतर आवास तो उपलब्ध कराता है, वहीं बारिश के मौसम में इन खुले स्थानों में पड़े पत्तों और गड्डों में जल जमाव होने के कारण साफ पानी में पैदा होने वाले मच्छर की एडिस प्रजाति जो डेंगु का कारक है। इनके कारण डेंगु फैलने की संभावना भी बनी रहती है। विगत वर्षों में भिलाई टाउनशिप में डेंगु के अनेकों प्रकरण मिलने के कारण ऐतिहातन एवं रोकथाम हेतु जनमानस में जागरूकता लाने जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग से भुगतान के आधार पर प्राप्त 48 ब्रीडिंग चेकर्स के माध्यम से माह जून के आरंभ से ही वृहद सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा टाउनशिप के प्रत्येक आवास सहित सभी दुकानों एवं भवनों में जाकर जल-पात्रों एवं जल जमाव के स्थानों का निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण के साथ ही निरोधक उपायों हेतु लोगों को जानकारीयुक्त पॉम्पलेट एवं निःशुल्क लार्वानाशी (टेमीफोस) का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मच्छरों के संख्या पर नियंत्रण हेतु नियमित रूप से ऐसे स्थान जहां पानी एकत्र होता है, को नाली बनाकर खाली करने के साथ ही रुके पानी पर आयलिंग किया जा रहा है। वेहिकल माउंटेड हाई प्रेशर पम्प द्वारा 4000 लीटर कीटनाशक घोल का छिडकाव भी किया गया है, ताकि मच्छर को लार्वा स्टेज में ही समाप्त कर मच्छर की संख्या पर नियंत्रण रखा जा सके। उल्लेखनीय है कि मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण जन सहयोग से ही कारगर होता है, घरों के अंदर पैदा हो रहे मच्छर पर बाहर का कोई व्यक्ति कितना भी प्रयत्न कर ले प्रयास तब तक अधूरा है जबतक रहवासियों का सहयोग ना मिले। इसके साथ ही सम्पूर्ण भिलाई में अगस्त माह से आरंभ होकर सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में थर्मल फॉगिंग का एक चक्र पूर्ण किया गया है एवं तय कार्यक्रम अनुसार बैकलेन एवं घरों में कीटनाशकों का छिड़काव नियमित रूप से किया जा रहा है।

### बस्तर टाइगर को बस्तर लॉयन ने हराया

**जगदलपुर।** बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित चैंपियन्स ट्रॉफी में आज का मैच बस्तर टाइगर विरुद्ध बस्तर लायन के मध्य खेला गया,जिसमे बस्तर टाइगर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया ।बस्तर लायन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 44.1 बाल में 235 रन बनाए ।जिसमे सबसे अधिक श्लोक महापात्र ने 88 बालों का सामने करते हुए 78 रनों का महत्वपूर्ण पारी खेला इसके अलावा भूपेंद्र नाग ने 27 रन का योगदान दिया,बस्तर टाइगर की ओर से स्वरूप सिसोदिया ने 2 विकेट लिए और साथ ही अभिषेक बनिक, अनस खान ,दुर्गेश और रितेश ने 1-1 विकेट झटके।






## खास खबर



### राजधानी में गुलाबी ठंड ने दी दस्तक साफ रहा आसमान

**रायपुर (ए)।** बारिश के बाद अब रायपुर में गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। रायपुर के आउटर में इसका एहसास हो रहा है। आज आसमान साफ है और कल भी साफ रहने की संभवना है। हालांकि चक्रवात 'सीतरंग' के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की संभावना बढ़ गई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बदलों की गैरमौजूदगी के चलते तापमान में गिरावट का दौर जारी है। प्रदेश में बीते सप्ताह से बारिश थम गया है। वहीं बादल साफ होने से तापमान में गिरावट हुई है। जिसके चलते ठंड का एहसास हो रहा है। रात के अलावा दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है। आज भी सुबह से बादल साफ नजर आए। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में चक्रवात सीतरंग का प्रभाव रहेगा। दिवाली के दौरान प्रदेश के कई जिलों में इसका असर ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में गहरा अवदाब बन रहा है। जिसके बाद 24 अक्टूबर को चक्रवात में अवदाब में परिवर्तित होगा। इसी असर से बारिश की संभावना है।

### नव नियुक्त भाजप जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने ग्रहण किया पदभार

**रायपुर (ए)।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिले के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में एवं निवृतमान जिलाध्यक्ष व नवनियुक्त प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य श्रीचंद सुंदरानी से जिला अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत, पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, राजीव अग्रवाल, अशोक पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, मोतीलाल साहू, सुभाष तिवारी, अंजय शुक्ला, अमित साहू, मिर्जा एजाज बेग, गुंजन प्रजापति जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा की श्रीचंद सुन्दरानी के सफल कार्यकाल में हम सबने मिलकर दुगनी उर्जा के साथ कार्य किया अब जयंती भाई पटेल के साथ चौगुनी उर्जा के साथ हम सभी कार्य करेंगे और कमल का फूल खिलाकर भाजपा की सरकार बनायेंगे उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयंती भाई पटेल को बधाई व शुभकामना दी। उक्त अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री मा. बृजमोहन अग्रवाल ने निवृतमान जिलाध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी के सफल कार्यकाल के सराहना करते हुए उन्हें शुभकामना दी।

# बाजार में है रौनकः मैंने भी अपने घर के लिए की दीपावली की खरीदीः सीएम भूपेश बघेल

**राजधानी रायपुर के गोलबाजार में स्थानीय दुकानदारों से खरीदी करने पहुंचे मुख्यमंत्री**

### मुख्यमंत्री बघेल ने ग्रामीण उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की

### शासन की योजनाओं से जनता की जेब में गया पैसा, त्योहार को लेकर लोग दिख रहे उत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धनतेरस के मौके पर राजधानी रायपुर में स्थानीय दुकानदारों से दीपावली की खरीदारी करने पहुंचे। इस दौरान बाजार में रौनक देखकर छत्तीसगढ़वासियों की तरह ही मुख्यमंत्री के चेहरे पर भी खुशी नजर आयी। उन्होंने कहा कि, बीते दो साल दीपावली की त्योहारी सीजन का बाजार कोरोना की वजह से प्रभावित रहा। इस बार बाजार में भरपूर रौनक है। शासन की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के चलते ग्रामीण, मजदूर, किसान से लेकर अधिकारी-कर्मचारी वर्ग सभी की जेब में पैसा है। यह पैसा अब बाजार तक पहुंच रहा है। इससे व्यापारी वर्ग भी उत्साहित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'त्योहार का अवसर है, ऐसे में मैं भी अपने परिवार के लिए खरीदारी करने पहुंचा हूं।



उन्होंने गोल बाजार में स्थानीय दुकानदारों ने दीये, मटका, रुई-बत्ती, मौली धागा, रक्षासूत्र, तोरण, बताशा, लाई समेत स्थानीय स्तर पर तैयार ग्रामीण उत्पादों की खरीदी की साथ ही दूसरों से भी ग्रामीण उत्पादों और स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदकर उनकी आर्थिक समृद्धि में योगदान देने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल के साथ छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढ़ेबर, रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार छत्तीसगढ़िया ग्रामीण उत्पादों को प्रोत्साहित करते हैं। इसी कड़ी में धनतेरस के मौके पर मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के गोलबाजार पहुंचे और ग्रामीण कुम्हारों द्वारा सजाए गए दुकानों में जाकर मिट्टी के दीये, मटका की खरीदारी की। वहीं छोटी दुकानें सजाकर बैठी महिला दुकानदार मीना बाई गवली, मंजू पवार, बुधियारिन बाई के पास जाकर हाथ से तैयार किए गए मौली धागा, रक्षा सूत्र, पूजा पैकेट, तोरण आदि की खरीदी की। मुख्यमंत्री ने सड़क पर एक डंडे के सहारे अपनी दुकान चला रहे 11 वर्षीय मासूम शेख फरहान से पांच नग माला भी खरीदी और बदले में पांच सौ रुपये बच्चों को दिए। गोलबाजार में खरीदारी के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां पहुंची युवती आम्रपाली गनवीर से पूछा कि वे क्या-क्या खरीद रही हैं, युवती ने बताया कि वो स्थानीय दुकानदारों से ही खरीदी कर रही हैं जिस पर प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री ने उन्हें मयूर पंख उपहार में भेंट किया। वहीं अपने पिता के साथ मिट्टी के दीयों की खरीदी करती नन्हीं बच्ची आसू बाया को देखकर मुख्यमंत्री बघेल ने बच्ची को आत्मीय भाव से गोद में लेकर दुलार किया।

इसके बाद त्योहारी मौके पर मिष्ठान खरीदने मालवीय रोड स्थित दुकान पहुंचे, जहां उन्होंने गुड़ चिक्की, गुजराती मावा लड्डू, पापड़ी, मिल्क केक और चिवड़ा फल्ली खरीदा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खासतौर से ऑरेंज बर्फी और फाफड़ा का स्वाद भी चखा। फिर मुख्यमंत्री बघेल लाखेनगर स्थित हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड पर सजे पटाखा दुकानों पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों व बच्चों के लिए अनार, चकरी, लाइट, रस्सी, रॉकेट, टॉय गन, फूलझड़ी जैसे पटाखे खरीदे। इस दौरान बीते 52 साल से पटाखा दुकान लगा रहे पटाखा व्यवसायी सुनील कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मिलकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी जानकारी में पहली बार कोई मुख्यमंत्री स्वयं पटाखा खरीदने पहुंचे हैं।

### स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी

इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने सभी को धनतेरस, रूप चौदस व दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तो कहीं-न-कहीं यह छत्तीसगढ़ के विकास की गति को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार ने परम्परागत व्यवसाय, हस्तशिल्प व हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए वन धन विकास केन्द्र, छत्तीसगढ़ हर्बल से लेकर सी-मार्ट (छत्तीसगढ़ मार्ट) की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, दीपावली का त्योहार कुम्भकार समुदाय के लिए विशेष रूप से उम्मीदों का अवसर होता है, जब उनका व्यवसाय अपेक्षाकृत अधिक होता है और उन्हें आर्थिक संबलता मिलती है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महिलाएं फूल झाड़ू, धान की बालियों से झालर, बांस की टोकरी समेत टेराकोटा जैसे अनेक तरह के उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनकी खरीदी कर इन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

### शासकीय योजनाओं से हर चेहरे पर है खुशी

बाजार में रौनक को लेकर एक सवाल पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिये किसानों को उनकी उपज का सही दाम दे रही है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर वर्ग को आर्थिक सहायता दी जा रही है। गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ में गोपालकों व गौठान समितियों तथा महिला स्व-सहायता समूहों के लिए आय का बड़ा स्त्रोत बन चुकी है। छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने साथ ही शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में हाल ही में पांच प्रतिशत की वृद्धि की गई। अब राज्य के शासकीय कर्मचारियों को 33 प्रतिशत तक महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भी योजनाएं और नीतियां अपनायी गईं। इस तरह से हर वर्ग को आर्थिक रूप से समृद्ध और संबल करने का प्रयास बीते पौने चार साल में छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है। बाजार में दिख रही रौनक सरकार के इन्हीं प्रयासों का नतीजा है। शासकीय योजनाओं से हर वर्ग के चेहरे पर खुशी है।

## अपनी गलत आदतों को सुधारने के लिए आदत में भी वास्तु खोजिएः आचार्य विशुद्ध सागर

**रायपुर (ए)।** सन्मति नगर फाफाडीह में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का शनिवार शाम समापन हुआ। संगोष्ठी के पश्चात विशुद्ध वर्षा योग समिति ने सभी विद्वानों का सम्मान किया। तीन दिनों में कुल 7 सत्रों में देशभर से आए आगम के विद्वानों ने आलेख का वाचन किया। तीन दिवसीय विद्वत संगोष्ठी एवं इसके पूर्व आयोजित 2 दिवसीय श्रमण संगोष्ठी में सारे वक्ताओं ने आचार्य विशुद्ध सागर महाराज रचित वस्तुत्व महाकाव्य पर अपने आलेख प्रस्तुत किए। 5 दिवसीय संगोष्ठी में प्राप्त सुझावों पर अमल कर ग्रंथ को पूर्ण शुद्धि के साथ प्रकाशित किया



जाएगा। संगोष्ठी के पश्चात आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने अपनी मंगल देशना दी।आचार्य ने कहा कि वस्तु,वास्तु और वस्तुत्व तीनों भिन्न। यथार्थ में वास्तु का अर्थ एक संज्ञा है,वस्तु द्रव्य है,वस्तुत्व गुण हैं, वास्तु एक संज्ञा है,वस्तुत्व धर्म है। छह द्रव्य वस्तु है, छह द्रव्य वास्तु नहीं है। सातों तत्व, वस्तु है, 9 पदार्थ वस्तु है,वास्तु नहीं है। 6 द्रव्य,सातों तत्व,9 पदार्थ वस्तुत्व है, वास्तु भी वस्तुत्व है लेकिन वास्तु स्वतंत्र संज्ञा है। वास्तु का अर्थ भवन है न कि संपूर्ण विश्व है। आचार्य ने कहा कि ज्ञानियों नौ कर्म बोल रहा है, एक वस्तु का 9 कर्म नहीं होता है। कमरे और दीवारों को दोष मत देना,जब आसपास चिपक कर बैठोगे तो गर्मी लगेगी ही,कष्ट होगा और पसीने की दुर्गंध से सिर भी चढ़ सकता है। ज्ञानियों शरीर के पसीने से दुर्गंध हुई है, कमरे व दीवारों को दोष मत दो। सबसे बड़ा वास्तु को दूषित करने वाला मानव का शरीर व गलत आदतें हैं।

## छत्तीसगढ़ में आरक्षण विवादः भर्ती परीक्षाएं परिणाम और नियुक्तियों पर अघोषित रोक

**रायपुर (ए)।** आरक्षण पर हाई कोर्ट के निर्णय के बाद राज्य में भर्ती परीक्षाओं, परिणाम व नियुक्तियों पर अघोषित रोक लग गई है। सरकारी विभागों ने प्रस्तावित भर्ती परीक्षाएं, पहले से हो चुकी पीएससी-व्यापमं परीक्षाओं के परिणाम व नियुक्तियों पर रोक लगा रखी है। कालेजों में डीएलएड-बीएड की काउंसिलिंग रोक दी गई है।

हाई कोर्ट के निर्णय के बाद आदिवासी समुदाय राज्य भर में आंदोलन पर है, इस बीच सरकारी गाइड लाइन के अभाव में युवाओं की पढ़ाई व नौकरी का मामला अधर में अटक गया है। ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने 2012 में आदिवासियों का आरक्षण 32 प्रतिशत कर दिया था। इससे राज्य में कुल आरक्षण 58 प्रतिशत हो गया था। सामान्य तौर पर आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकता है, हालांकि विशेष आवश्यकता हो तो इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

आरक्षण बढ़ाने के विरोध में हाई कोर्ट में कई याचिकाएं लगाई गईं। याचिकाओं का निराकरण करते हुए हाई कोर्ट ने पूर्व की व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया है। इससे आदिवासी वर्ग का आरक्षण 32 से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इस मामले में प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। भाजपा व कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप चल रहे हैं। इस बीच सरकारी विभाग दुविधा में हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि नई भर्तियों, परीक्षाओं में आरक्षण का क्या पैमाना रखा जाए। सरकारी गाइड लाइन की प्रतीक्षा की जा रही है। मामला चूंकि अति संवेदनशील है इसलिए सरकार भी फूंक फूंककर कदम उठा रही है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक दिन पहले ही ट्वीट कर जानकारी दी कि आदिवासियों के आरक्षण के मुद्दे पर हाई कोर्ट के निर्णय के विरूद्ध राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उनके ट्वीट पर कई युवाओं ने रिट्वीट कर कहा कि सर अभी जो परीक्षाएं हो चुकी हैं उनके परिणाम तो घोषित करा दीजिए।

### हाई कोर्ट के निर्णय का पालन करना आवश्यक

रायपुर के वकील व विधि मामलों के जानकार भूपेंद्र जैन के अनुसार हाई कोर्ट के निर्णय का पालन करना राज्य शासन का कर्तव्य है। यदि राज्य सरकार किसी निर्णय के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट गई हो तब भी जब तक सुप्रीम कोर्ट से दूसरा निर्णय नहीं आ जाता हाई कोर्ट के निर्णय का पालन करना ही उचित होगा।

### अधिकारी दुविधा में

आरक्षण पर सरकार की चुप्पी से अधिकारी दुविधा में हैं। पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी ने कहा कि जब तक आरक्षण को लेकर सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन नहीं मिलेगी, नई भर्ती और पीएससी के परिणाम निकालने में दिक्कत है। व्यापमं के अध्यक्ष डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा कि अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित की है। आरक्षण पर हम कुछ नहीं कह सकते। राज्य शासन के अधिकारियों ने इस विषय पर चुप्पी साध रखी है।

### आंखों के लिए नुकसानदायक है पटाखों का प्रदूषण

## पटाखे जलाने और आतिशबाजी के दौरान रखें सावधानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दीवाली रोशनी का त्योहार है। देश भर में इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उमंग के उत्सव में हमारी जरा सी लापरवाही रंग में भंग डाल सकती है। त्योहार के दौरान खान-पान, दिनचर्या और इसे मनाने के तरीकों को लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। उत्साह के बीच हमेशा ध्यान रखें कि स्वास्थ्य आपकी पहली प्राथमिकता है। इससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। दीपावली के इस त्योहार में मधुमेह के साथ वजन और आंखों की सेहत को लेकर हमेशा सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।



संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि दीपावली में पटाखों को लेकर बरती गई लापरवाही के कारण हाथ और उंगली के बाद प्रभावित होने वाला दूसरा सबसे आम अंग हैं आंखें। पटाखों के धुंएं के कारण आंखों में जलन-चुभन के साथ लालिमा होने का खतरा होता है। इसके अलावा पटाखों से लगने वाली चोट आंखों में घाव, रक्त के थक्के बनने या पुतली को भी नुकसान पहुंचा सकती है। बोतल में जलाए जाने वाले रॉकेट लोगों के चेहरों पर उड़कर लग जाते हैं जिसके कारण आंखों में चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। पटाखों के नजदीक में फटने से आंखों की रोशनी भी खराब हो सकती है। दीपावली के दौरान आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की आपात चिकित्सा के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय एवं एम्स रायपुर में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### ये सावधानियां हैं जरूरी

पटाखे जलाते समय सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। बच्चों द्वारा आतिशबाजी के समय बड़े लोगों को निगरानी रखनी चाहिए। पटाखे हमेशा शरीर से दूर रखकर ही जलाएं। आतिशबाजी वाले क्षेत्र से सभी ज्वलनशील चीजों को हटा लें।

पटाखा जलाने के लिए लंबी डंडी का प्रयोग करें, जिससे इससे होने वाले धमाके से हाथों या आंखों पर कोई असर न हो। आंखों को सुरक्षित रखने के लिए आतिशबाजी करते समय सुरक्षात्मक चश्मे पहनें। अनार जैसे पटाखों से आंखों और चेहरों पर चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। इसे हमेशा दूर से ही जलाएं। आंख में खुजली या जलन होने या चोट लगने पर तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# मानसिक और शारीरिक तौर पर बीमार करता हैं तनाव

## इन तरीकों से करें स्ट्रेस को कंट्रोल

वर्तमान समय की जीवनशैली में काम के दबाव और अव्यवस्थित दिनचर्या की वजह से तनाव अर्थात स्ट्रेस भी जिंदगी का हिस्सा बन जाता हैं। हर किसी की जिंदगी में तनाव होता ही हैं, लेकिन बस इसे संभालने का सभी का अपना तरीका होता हैं। तनाव को हावी होने देना आपको मानसिक और शारीरिक तौर पर बीमार बना सकता हैं। अगर तनाव ज्यादा बढ़ जाए तो आप डिप्रेशन के साथ ही कई अन्य बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। अगर कुछ नहीं किया तो यह तनाव हार्ट अटैक, स्ट्रोक या अवसाद जैसे किसी भी गंभीर खतरे को आमंत्रण दे सकता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन तरीकों को अपनाकर आप मानसिक तनाव को कम कर सकते है। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### एक्सरसाइज को करें शामिल

एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल एक्टिविटी आपकी नींद को बेहतर बनाने में मदद कर सकती हैं। इससे तनाव को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। कई स्टडी में यह बात सामने आ चुकी है कि हर दिन एक्सरसाइज करना मेंटल हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इससे स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलती है। रनिंग, स्विमिंग, साइकलिंग, डांसिंग से तनाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### ध्यान करें

गाइडेड मेडिटेशन दैनिक जीवन के तनाव से खुद को दूर करने का एक शानदार तरीका है। इंटरनेट पर कई गाइडेड मेडिटेशन ट्यूटोरियल उपलब्ध हैं, जो आपको ध्यान करने में मदद करेंगे और मानसिक तनाव से कुछ राहत दिलाएंगे।

### सोशल नेटवर्क को मजबूत बनाएं

अपने स्कूल फ्रेंड्स से लेकर दफ्तर के साथियों के साथ संपर्क में रहें। इसके अतिरिक्त किसी संगठन में शामिल होकर या किसी तरह से सहायता कर अपना सोशल नेटवर्क बनाएं जिससे जरूरत पर लोग आपका साथ दें और आपकी समस्या सुनें।

### आपका खानपान रखें बेहतर

खान-पान का स्ट्रेस पर काफी असर पड़ता है। हेल्दी डाइट लेने से तनाव के प्रभाव को कम किया जा सकता है। हेल्दी डाइट से इम्यूनिटी मजबूत होती है और मूड बेहतर होता है। तनाव को कम करने के लिए विटामिन सी, मैग्नीशियन और ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर पदार्थ डाइट में शामिल करने चाहिए।

### वक्त मिलने पर अपनी स्किल को निखारें

अगर आपके व्यक्तित्व में कुछ स्किल है तो खाली समय मिलने पर उसे निखारने की कोशिश करें। कुछ लोग काफी क्रिएटिव होते हैं लेकिन तमाम दफा वे अपना पूरा वक्त टेंशन में जाया कर देते है, बेहतर होगा वे खुद को अपने पसंदीदा काम में बिजी रखें। जितना अधिक कुशलता से आप अपने काम और परिवार की मांगों को जोड़ सकते हैं, आपके तनाव का स्तर उतना ही कम होगा।

### डीप ब्रीदिंग करें

डीप ब्रीदिंग करना तंत्रिका तंत्र की सक्रियता को कम करने का एक शानदार तरीका है, जो शरीर की प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। पांच सेकंड के लिए भी की गई डीप ब्रीदिंग आपके पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करने में मदद कर सकती हैं। यह आपके समग्र तनाव और चिंता को कम करने में मदद करती है।

### पूरी नींद लें

तनाव का एक साइड इफेक्ट यह है कि आपको नींद नहीं आती। नींद की कमी आपके तनाव के स्तर को भी बढ़ा सकती है। इसलिए हर किसी को हर दिन 7 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। अच्छी नींद में आपके बेडरूम की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। सामान्य तौर पर आपका कमरा शांत और ठंडा होना चाहिए। आपका बिस्तर साफ और आरामदायक होना चाहिए। देर रात तक जागना तनाव के लेवल को बिगाड़ सकता है। इसलिए आपको सोने का समय फिक्स करना चाहिए।



# क्या आपको भी होती हैं वैक्सिंग के बाद दानों की समस्या, आजमाए ये घरेलू नुस्खें

अक्सर लड़कियां और महिलाएं अपनी त्वचा के अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग करवाती है। खासतौर से जब कोई स्पेशल आयोजन हो। आने वाले दिनों में दिवाली का त्यौहार हैं तो महिलाएं वैक्सिंग कराने के लिए पार्लर की ओर रूख कर रही हैं। यह बालों को हटाने का सबसे प्रचलित और बेहतरीन तरीका हैं। लेकिन कई महिलाओं को वैक्सिंग के बाद दानों की समस्या का सामना भी करना पड़ता हैं। कई बार तो ये रैशेज और दाने एक दो दिन में ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन कई बार इन्हें सही होने में अच्छा खासा समय लग जाता है। वैक्सिंग के बाद निकले इन दानों से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमाए जा सकते हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इन नुस्खों के बारे में...



### मॉश्चराइजर से मसाज जरूरी

अगर आपके स्किन पर वैक्सिंग के बाद रेडनेस आ जाती है तो आप वैक्सिंग हो जाने के बाद सूदिंग मॉश्चराइजर से मसाज करा सकते हैं। इससे आपकी स्किन रिलैक्स होगी और धीरे धीरे रेडनेस चली जाएगी। ध्यान रहे कि ये स्मेल फ्री मॉश्चराइजर ही हो।

### एलोवेरा का इस्तेमाल

वैक्सिंग के बाद वैक्सिंग वाले स्थान पर एलो वेरा जेल से अच्छी तरह से मसाज कर लें। आप रात भर के लिए एलोवेरा जेल वैक्सिंग कराई गयी जगह पर लगा रहने दें। आप एलो वेरा की ताज़ी पत्तियों से घर पर भी जेल तैयार कर सकती हैं या फिर बाजार से एलो वेरा जेल ला सकती हैं। एलो वेरा जेल के इस्तेमाल से त्वचा की सूजन और खुजली से छुटकारा मिलने के साथ दानों से भी राहत मिलती है। यह त्वचा को मॉइस्चराइज और हाइड्रेट भी करता है। घर पर एलो वेरा जेल बनाने के लिए एलो वेरा की ताज़ी पत्ती लें और इसे बीच से काटकर चाकू से इसका जेल निकाल लें। इस जेल को एयरटाइट कंटेनर में रख लें।

### ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल

स्किन पर दाने या रेशेज की समस्या हो रही है। तो आप टी ट्री ऑयल और ऑलिव ऑयल लगाएं। इससे आपको स्किन पर हो रहे रेशेज से राहत मिलेगी। इसके लिए आप एक चम्मच ऑलिव ऑयल में 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें और उसे अपनी स्किन पर हल्के हाथ से मसाज करते हुए लगाएं। ऐसा रात के समय करें और इसे लगा रहने दें।

### सेब के सिरके का इस्तेमाल

सेब के सिरके को एक कप में लें और पानी भी सिरके की मात्रा के समान लेकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर इसे रूई की मदद से वैक्सिंग वाले स्थान लगाएं। करीब 10 मिनट तक रूकने के बाद त्वचा को पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में दो बार करें। इस मिश्रण के एस्ट्रिजेंट और एंटीसेप्टिक गुण वैक्सिंग के बाद दानों से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा का पीएच स्तर संतुलित करता है और सूजन दूर करता है।

### नारियल तेल का इस्तेमाल

वैक्सिंग करने के बाद सबसे पहला काम आप अपने वैक्सिंग एरिया को क्लींजर से साफ करें। उस एरिया को सूखने के बाद उस पर नारियल का तेल लगाएं। इसे जितनी देर हो सके उतनी देर के लिए लगा छोड़ दें। ऐसा आप चाहें तो दिन में नहाने के बाद और रात को सोते समय भी कर सकते हैं। वैक्सिंग के बाद होने वाले दानों के लिए नारियल का तेल सबसे कारगर है। यह सूजन को दूर कर लाल हुई त्वचा को राहत पहुंचाता है।

### विच हेजल का इस्तेमाल

वैक्सिंग के बाद दाने ठीक करने के घरेलू उपाय में विच हेजल को भी शामिल किया जा सकता है। विच हेजल में गैलिक एसिड, गैलोकैटेचिन और एपिगैलोकैटेचिन पाए जाते हैं, जो एंटी-माइक्रोबियल गुण प्रदर्शित करते हैं। इससे बालों के रोम से संबंधी सूजन की समस्या होती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि वैक्सिंग के बाद के दाने को कम करने में विच हेजल फायदेमंद हो सकता है। इस्तेमाल के लिए विच हेजल सॉल्यूशन से रूई को भिगोकर वैक्स की हुई जगह पर लगाएं। इसे सूखने दें। इसे लगाने के बाद धोने की आवश्यकता नहीं रहती। रोजाना दो बार इस प्रक्रिया को दोहराया जा सकता है।

# पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म सालार का पोस्टर रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की आने वाली फिल्म सालार का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। प्रशान्त नील के निर्देशन में बनी फिल्म सालार का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। इस पोस्टर में पृथ्वीराज सुकुमारन का एक्सक्लूसिव लुक देखने को मिल रहा है। पृथ्वीराज इस फिल्म में वर्धराज मन्नार के किरदार में नजर आयेंगे।

प्रशांत नील ने बताया, पृथ्वीराज जैसै सुपरस्टार का फिल्म में काम करना बहुत खुशी की बात है। अपने किरदार को उन्होंने बखूबी निभाया है। वर्धराजा का किरदार इससे बेहतर कोई और नहीं कर सकता था। मलयालम फिल्म इडंस्ट्री में उनकी गजब की फैन फॉलोविंग है,जब उनके फैंस अपने सुपरस्टार को बड़ी स्क्रीन पर धमाल मचाते देखेंगे तो पागल हो जाएंगे। प्रभास और पृथ्वीराज जैसे दो सुपरस्टार को एक साथ एक ही फिल्म में निर्देशित करना अपने आप में अद्भुत अनुभव है।

गौरतलब है कि फिल्म सालार में प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा जगपति बाबू, ईश्वरी राव, श्रिया रेड्डी और श्रुति हासन की भी अहम भूमिका है। सालार 28 सितंबर 2023 को पांच भाषाओं में रिलीज होगी।

# 11 नवंबर को रिलीज होगी राजकुमार राव की मोनिका ओ माई डार्लिंग



नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म मोनिका ओ माई डार्लिंग से फिल्म राजकुमार राव का कैरेक्टर पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर के साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी। यह फिल्म 11 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित की जाएगी। फिल्म का टीजर पहले ही जारी हो चुका है। फिल्म में राजकुमार के साथ अभिनेत्री राधिका आप्टे और हुमा कुरैशी भी नजर आने वाली हैं।

30 अगस्त को फिल्म का टीजर जारी किया गया था। यह एक सस्पेंस ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन वसन बाला कर रहे हैं। वसन नेटफ्लिक्स की फिल्म स्पॉटलाइट और रे का भी निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म में सिकंदर खेर और आकांक्षा रंजन कपूर भी नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स ने राजकुमार का पोस्टर शेयर करते हुए ट्विटर पर लिखा, कोई राजकुमार राव को बताओ कि वह पहले ही हमारे दिलों में रहते हैं। उन्हें उसे जकड़ने की जरूरत नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक वसन बाला ने पहले एक बयान में कहा था, यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और हमें इंतजार है कि कब हम इस ट्विस्टेड क्राइम कॉमेडी से लोगों का मनोरंजन करें। निर्माता कंपनी मैचबॉक्स शॉट्स की सरिता पाटिल ने भी नेटफ्लिक्स के साथ अपनी इस पार्टनरशिप पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, फिल्म को दुनियाभर के दर्शक देख सकेंगे। दिलचस्प कहानी, बेहतरीन कास्ट और पूरी टीम की कड़ी मेहनत, हम इससे ज्यादा और कुछ नहीं मांग सकते।

हाल ही में नेटफ्लिक्स ने राजकुमार के साथ एक अन्य शो गुलाब्स ऐंड गन्स का टीजर भी जारी किया था। यह एक कॉमिक थ्रिलर फिल्म है। इसमें राजकुमार के साथ दुलकर सलमान और आदर्श गौरव भी नजर आएंगे। इससे पहले राजकुमार नेटफ्लिक्स की फिल्म लूडो में नजर आ चुके हैं। बड़े पर्दे पर वह पिछली बार फिल्म हिट: द फर्स्ट केस में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ सान्य मल्होत्रा थीं।

# सुबह खाली पेट पिए व्हीटग्रास घास का जूस

## मिनटों में नीचे आने लगेगा कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर भी रहेगा कंट्रोल में

व्हीटग्रास एक स्वास्थ्यवर्धक घास है। व्हीटग्रास जूस यानी गेहूं के जवारे से बने जूस को कुछ लोग संजीवनी भी कहते हैं। यह घास शरीर से गंदा कोलेस्ट्रॉल निकालने में काफी असरदार है। यह शरीर के अंदर जाकर सिर्फ 20 मिनट में खून में मिलकर अपना असर शुरू कर देती है। साथ ही इसमें एंटी-डायबिटिक गुण पाए गए हैं। जो ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल करता है कम

शरीर में गंदा कोलेस्ट्रॉल खून ले जाने वाली नसों को बीच से बंद कर देता है। जिससे दिल और दिमाग जैसे जरूरी अंगों तक जाने वाली ब्लड सप्लाई रुक जाती है। एक रिसर्च पेपर की मानें, तो व्हीटग्रास में हाइपोलिपिडेमिक प्रभाव होता है, जो कोलेस्ट्रॉल कम कर सकता है। शोध में बताया गया है उच्च कोलेस्ट्रॉल स्तर संबंधी समस्या यानी हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया से जूझ रहे चूहों को व्हीटग्रास जूस देने के बाद मल के द्वारा अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में मदद मिली। वहीं, एक शोध में यह भी देखा गया कि 10 हफ्तों तक व्हीटग्रास देने से ना सिर्फ गंदा कोलेस्ट्रॉल नीचे आया, बल्कि अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगा।

### डायबिटीज को रखे कंट्रोल में

खराब दिनचर्या और खानपान के चलते डायबिटीज एक आम बीमारी बन गई है। हालांकि अगर, इसे सही तरह से मैनेज न किया जाए, तो यह खतरनाक रूप ले सकती है। डायबिटीज को सिर्फ हेल्दी डाइट और फिजिकल एक्टिविटी द्वारा कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे में व्हीटग्रास का सेवन मधुमेह में आराम दिलाता है। क्योंकि, कई शोधों में यह सामने आया है कि अंदर एंटी-डायबिटिक गुण पाए गए हैं। जो ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखते हैं।

### मोटापा

वजन कम करने के लिए भी व्हीटग्रास जूस का उपयोग किया जा सकता है। कई सारे न्यूट्रिशनिस्ट व्हीटग्रास को तेजी से वेट लॉस करने का शानदार तरीका मानते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस घास के अंदर मौजूद कंपाउंड भूख को कंट्रोल करके वेट लॉस में मदद करते हैं। एक अन्य शोध में कहा गया है कि यंग व्हीटग्रास और अन्य क्लोरोफिल प्लांट वजन कम करने में प्रभावी और सुरक्षित होते हैं।



### चेहरे पर आएगी चमक

2015 की एक रिसर्च के मुताबिक, व्हीटग्रास का सेवन करने से शरीर से गंदगी और टॉक्सिन्स निकलने लगते हैं। जिस वजह से चेहरे के दाग-धब्बे दूर होने लगते हैं और उसपर शीशे-सी चमक आ जाती है। इसलिए अगर आप चेहरे की चमक बढ़ाना चाहते हैं, तो भी इस घास का उपयोग कर सकते हैं।

### ब्लड प्रेशर

व्हीटग्रास का सेवन ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है। कहा जाता है कि इसमें मौजूद क्लोरोफिल उच्च रक्तचाप को कम करता है। इसे ब्लड प्रेशर रेगुलेट करने का सुरक्षित और प्रभावी तरीका बताया गया है। व्हीटग्रास जूस को हाई ब्लड प्रेशर ही नहीं, सामान्य रक्तचाप वाले भी पी सकते हैं। दरअसल, इसे उच्च स्तर को कम करने के साथ ही ब्लड प्रेशर को सामान्य बनाए रखने के लिए जाना जाता है।

### व्हीटग्रास जूस बनाने की विधि

- एक गिलास पानी
- दो चम्मच व्हीटग्रास पाउडर
- एक चम्मच नींबू का रस

### जूस बनाने की विधि

- सबसे पहले तीनों सामग्री को एक मिक्सर में डाल लें।
- अब इसे 2 से 3 मिनट तक अच्छी तरह ब्लेंड करें।
- इसके बाद थोड़ा सा और पानी डालें और थोड़ी देर मिक्स करें।
- फिर इसे एक गिलास में निकालकर छान लें।
- बस तैयार है व्हीटग्रास जूस

### व्हीटग्रास जूस का सेवन करने के टिप्स

- गेहूं के जवारे का जूस हमेशा ताजा ही पीना चाहिए।
- शुरुआत में व्हीटग्रास जूस कम मात्रा में लें। इसकी मात्रा को धीरे-धीरे बढ़ा सकते हैं।
- अगर इसके सेवन से किसी को एलर्जी होती है, तो इसका सेवन बंद कर दें।
- एक ही बार में अधिक मात्रा में इसे पीने से बचें। हमेशा इसकी सीमित मात्रा का ही सेवन करना लाभकारी होता है।
- निरंतरता हर चीज में जरूरी है। ठीक ऐसा ही व्हीटग्रास जूस के साथ भी है, इसलिए फायदे पाने के लिए रोजाना एक निर्धारित समय तक इसका सेवन करें।
- व्हीटग्रास मार्केट में आसानी से जूस, पाउडर और सप्लीमेंट के रूप में उपलब्ध है। हालांकि, आप इसे घर पर ही उगाकर ताजा जूस भी निकाल सकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332


## खास खबर

### सीएमएचओ ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**कोरबा।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केसरी ने रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुण्स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओ.पी.डी,ऑपरेशन थिएटर, आईपीडी, उपस्थिति पंजी, स्टोर रूम, दवाईयों एवं उपकरण तथा चिकित्सालय का जायजा लिया। सीएमएचओ ने 24 घंटे डाक्टरों की सेवायें निर्धारित करने,चिकित्सालय एवं कार्यालय में समय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिती के लिए बायोमैट्रिक मशीन लगाने, सभी चिकित्सकों के टेबल पर नेमप्लेट लगाने, स्टोर रूम में उच्च स्तर से प्राप्त दवाईयॉ एवं उकरण व्यवस्थित तरीके से रखने, चिकित्सालय में साफसफाई रखने हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। रानी धनराज कुंवर हॉस्पीटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित पर्याप्त संख्या में चिकित्सक पदस्थ हैं। हॉस्पिटल के तैयार हो रहे ऑपरेशन थियेटर के काम को शीघ्र प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे हॉस्पीटल में प्रसव ;आपरेशन नसबंदी ऑपरेशन इत्यादि का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सके।

### निगम के सफाई कामगारों के साथ मनाया गया दीपावली मिलन

**जगदलपुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में नगर निगम स्वच्छता विभाग के अधिकारी व कर्मचारीयों, स्वच्छता दीदी, सुपरवाइजरों, के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। इस दीपावली मिलन समारोह में महापौर श्रीमती सफीरा साहू, अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू, एमआईसी सदस्य विक्रम सिंह डांगी, यशवर्धन राव, उदय नाथ जेम्स, सुशीला बघे, अनीता नाग, सुषमा कश्यप पार्षद पंचराज सिंह, कमलेश पाठक, आयुक्त दिनेश कुमार नाग मौजूद थे। दीपावली मिलन समारोह के कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा हमारे शहर की सुंदरता स्वच्छता विभाग के वजह से है, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, सुपरवाइजर, वाहन चालकों के कड़ी मेहनत से हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बना रहता है। सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं।

# ओएचपी विभाग के कार्मिक माधव कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग प्रमुख, अनुभाग प्रमुखों एवं कार्मिक अधिकारियों के उपस्थिति में कार्मिकों को विभाग प्रमुख के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी अधिकारियों के उपस्थिति में विभागप्रमुख द्वारा माह सितम्बर-2022 के लिए श्री माधव राम वर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



ओएचपी विभाग में दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को सम्पन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव, महाप्रबंधक ए के सिंह, महाप्रबंधक राजेश धारकर, महाप्रबंधक नाबा गोपाल हलदर, महाप्रबंधक भादो टुडू एवं सहायक प्रबंधक (कार्मिक-एसपीज व ओएचपी) सुश्री सुष्मिता पाटला व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी), आर के श्रीवास्तव ने पुरस्कार विजेता की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि इतने कम समय में इस नवयुवक को यह पुरस्कार दिया जा रहा है। पुरस्कार ऐसे ही कार्य करने के लिये प्रेरित करते है। भादो टुडू, महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) ने कहा माधव जी ही इस पुरस्कार के उपयुक्त उम्मीदवार थे। इनके अंदर विषम परिस्थितियों में रहकर अच्छा कार्य करने की आदत है। ये चुनौतियों से भयभीत नहीं होते हैं। अच्छा कार्य करने के लिए टीम भावना का होना अत्यंत आवश्यक होता है और यह इस बात में पूर्ण विश्वास रखते हैं।

इनके अंदर ज्ञान बांटने की कला कूट-कूट के भरी हुई है, जिससे की आने वाले समय में ओएचपी विभाग को बहुत फायदा पहुंचेगा। कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित कर्मचारी ने उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित करने पर खुशी जाहिर किया तथा प्रबंधन के प्रति अपनी कृतज्ञता एवं आभार प्रदर्शन किया एवं भविष्य में और अधिक उत्साह एवं लगन से कार्य करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

शिरोमणि पुरस्कार योजना भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्ष 2018 में लागू किया गया था। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विभाग में हर महीने उत्कृष्ट कार्य करने पर कार्मिक को कर्म शिरोमणि पुरस्कार एवं हर तिमाही में पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कर्म शिरोमणि पुरस्कार के अंतर्गत कार्मिक को प्रशस्ति पत्र, पत्नी के लिए प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मिठाई प्राप्त करने के लिए कूपन प्रदान किया जाता है। अंत में सम्मान समारोह की इस महत्वपूर्ण कड़ी में सुश्री सुष्मिता पाटला, सहायक प्रबंधक (कार्मिक-एसपीज व ओएचपी) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खुशियों की दीपावली बनाने हेतु जरूरतमंदों को साड़ी, कपड़े, पटाखे, सहित मिठाई का किया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर दिनांक 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक खुशियों की दीपावली सप्ताह बनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन अलग अलग स्थान वृद्धाआश्रम, अनाथ हॉस्पिटल बालआश्रम, मंदबुद्धि स्कूल, मानवता स्कूल, दुर्ग स्टेशन, समृद्धि बाजार के पास, बस स्टैंड एवं शहर के अन्य स्थानों में जीवन यापन कर रहे गरीब, असहाय, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे जिनके पास या तो घर नहीं है या फिर भीख मांगकर फुटपात में रहे रहे है उन्हें नयी साड़ी, मिठाई, एवं बुजुर्गों को धोती, कुर्ता पैजामा, मिठाई का वितरण किया गया जा रहा है।



जिले के विभिन्न स्थानों के छोटे छोटे गरीब बच्चों को नये कपड़े, मिष्ठान, नमकीन, रंगीन फ्टाखे का वितरण जन सहयोग से किया जा रहा है.. जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग का एक मात्र उदेश्य समाज के निराश्रित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी वह सुख सुविधाएँ पहुंचाने का प्रयास करना है, जिनसे अभी तक यह अछूता है, इन्ही बातों को आत्मसात करते हुए सभी के सहयोग से कोरोना महामारी के चलते आयी इस विकट परिस्थिति में भी हर जरूरतमंदों की हर सम्भव मदद करने का प्रयास संस्था द्वारा विगत 6 वर्षों से किया जा रहा है। संस्था के सदस्य विगत 6 वर्षों से अपने सभी पर्व गरीब, असहाय, बुजुर्गों के साथ ही मना रहे है, दीपावली पर्व को भी संस्था के सभी सदस्यों ने गरीब, असहाय, बुजुर्गों, महिलाओं एवं छोटे बच्चों के साथ फ्टाके फोड़कर सभी को मिठाई एवं नये कपड़ों का वितरण करके मनाये.. जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि प्रदेश एवं शहर के अधिकांश घरों में दीपावली पर्व में बिजली की चकाचोंध व्यवस्था है, और सभी लोग मिठाई, पकवान एवं पटाखों का आनंद लेते है, परन्तु प्रदेश एवं शहर में आज भी ऐसे गरीब परिवार एवं बच्चे है जो मिठाई खाना तो दूर मिठाई चखने से भी वंचित रह जाते है, और गरीब बच्चे आसमान में छूटने वाले पटाखों को देखकर ही खुश हो जाते है.. जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग द्वारा सभी के सहयोग से दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में जाकर गरीब, असहाय परिवार, महिलाएं, बुजुर्गोंम एवं बच्चों को साड़ी, धोती, बच्चों को नये कपडे, पटाखे एवं मिठाई का वितरण किया जा रहा है जिससे जिले के सभी लोग यह दीपावली अच्छे से मना सके, संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि आज दिनाँक तक संस्था द्वारा खुशियों की दीपावली सप्ताह बनाते हुए 100 पुरुषों को कुर्ता पैजामा, 140 महिलाओं को साड़ी, 170 से अधिक बच्चों को नया कपड़ा वितरण किया जा चुका है इसके साथ साथ सभी को मिठाई, नमकीन, फ्टाखे, चॉकलेट, बिस्किट, एवं अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया जा चुका है, संस्था के सदस्यों द्वारा जिले में खुशियों की दीपावली सप्ताह में चौथे एवं पांचवे दिक्स पर नेहरू नगर स्टेशन, पावर हाउस स्टेशन, सुपेला, भिलाई के फुटपात में अपना जीवन याप करने वाले 56 बच्चों 26 बुजुर्ग पुरुष एवं 40 महिलाओं को नया कपड़ा, मिठाई, नमकीन फ्टाखे, साबुन, निरमा, का वितरण किया गया।

साथ ही साथ भिलाई के परमार्थ सेवा आश्रम और राम शिला की कुटिया में सभी जरूरतमंदों को नया कपड़ा मिठाई, नमकीन, साबुन, निरमा, वितरण किया गया. संस्था द्वारा इस सेवा कार्य के अंतिम एवं 5वे दिवस दिनाँक 23 अक्टूबर को दुर्ग रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, समृद्धि बाजार, एवं शहर के अन्य फुटपाथों में जरूरतमंदों को खुशियों की दीपवाली बनाने हेतु नया कपड़ा, मिठाई, नमकीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री का वितरण किया जावेगा.. सेवा कार्य मे प्रतिदिन शिशु शुक्ला, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, राजेन्द्र ताम्रकार, कान्हा चंद्रवंशी, कृतज्ञ शर्मा, अनमोल पांडेय, संजय सेन, हरीश ढीमर, शुभम सेन, भागवत पटेल,शिबू खान उपस्थित थे।

# संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम आईआर विभाग के प्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई श्रमिक सभा (एचएमएस) द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम आई आर विभाग के प्रबंधक रोहित हरित को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संयंत्र कर्मचारियों के काफी दिनों से लंबित माँगों 39 माह का बकाया एरियर्स 01/01/2017 के बाद सेवानिवृत्त हो चुके साथियों का सेवानिवृत्त होने की तिथि तक का बकाया पूरा एरियर्स के साथ हाउसरेंट अलाउंस नाईट शिफ़्ट अलाउंस के साथ नर्सिंग स्टाफ़के लिए वाशिंग अलाउंस जैसे काफी दिनों से लंबित मुद्दों के निराकरण की अपील की गई।

साथ ही संयंत्र कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाले ठेका श्रमिक साथियों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर भी नहीं दी जा रही साथ ही उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपकरण भी नही मिलता पूरे संयंत्र में आज दिनांक 22/10/2022 तक ठेका श्रमिकों को बोनस भी नही मिला है कंही कंही खानापूर्ति के नाम पर 2 से 3 हजार रुपये बोनस के नाम पर दिया गया है डायरेक्टर इंचार्ज से स्वयं व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर उपरोक्त मुद्दों के निवारण की अपील की गई है ताकि ठेका श्रमिकों का जीवनस्तर ठीक हो उनका शोषण बन्द हो उनकी दशा और दिशा ठीक हो साथ ही सयंत्र कर्मचारियों का उत्साहवर्धन हो सके और वे अपना मनोबल ऊंचा कर संयंत्र के उत्पादन स्तर को बढाने में अपना योगदान दे सकें।

इस अवसर पर भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एच एस मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल जोगेंद्र राव, देवेन्द्र सिंह, राजेश शर्मा, विनोद कुमार, एच एन भारती, नरेन्द्र कुमार पटेल, विष्णु कुमार पटेल, भुपेश यादव,टीका राम साहू, शिव कुमार, पी सी मण्डल,रमेश पांडे विशाल सोनी,राहुल सिंग ,रोहित पांडे रमेश पांडे, त्रिलोक मिश्रा महफूज अहमद ,मनीष चौधरी ,चन्द्रशेखर,प्रदीप जायसवाल, सन्तराम,सम्पतलाल, सोनी सिंग,जहीर खान, श्रेयांश सिंह ,राम अयोध्या, शरत चन्द्र रथ सहित अन्य कई साथी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और अधिकारियों ने मिलकर दीं दीपावली की शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिकों ने मिलकर उन्हें धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का अपने निवास में स्वागत किया और बड़ी आत्मीयता से शुभकामनाएं स्वीकार की और सभी का मुंह मीठा कराकर उन्हें भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, विधायक और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, श्रीमती छन्नी साहू, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल, नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे सहित अनेक पार्षदों, नागरिकों, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वन श्री मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री संजय शुक्ला, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, जनसंपर्क सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. एस. भारतीदासन, सचिव खाद्य श्री टोपेश्वर वर्मा, रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल सहित अनेक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से श्री प्रयास एजुकेशन सोसाइटी के बच्चों ने भी सौजन्य मुलाकात की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से पेंटिंग किए हुए मिट्टी की दिए भेंट किए। मुख्यमंत्री ने बच्चों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दीं और उपहार स्वरूप चॉकलेट के पैकेट भेंट किये। उपहार पाकर बच्चे काफी खुश थे, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री प्रयास एजुकेशन सोसाइटी के संरक्षक श्री सुशील ओझा और सुश्री यामिनी, स्पूर्ति, प्रीति, झरना एवं खुशी मौजूद थी।

# वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय एक दिवसीय संगोष्ठि कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपरोक्त आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रम अधिकारी, कर्मचारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं शहरी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी, विकासखण्ड स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित शामिल हुए। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयोडीन का महत्व उपयोगिता व कमी के दुष्परिणाम को विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही आयोडोन के कमी को दूर करने के उपाय, नमक में आयोडीन की मात्रा, जांच एवं आयोडीन नमक के उपयोगिता को विस्तार पूर्वक समझाया गया।

सीएमएचओ डॉ एसएन केशरी ने बताया की आयोडीन की कमी से बाल झड़ना, धड़कन कम होना, गले में सूजन, बजन बढ़ना, बहरापन हो सकता है। गर्भवती महिलाओं एवं गर्भस्थ शिशु के लिये आयोडीन बहुत आवश्यक है जिससे बच्चे का विकास होता है एवं कोई विकृति नहीं होता है। कार्यशाला में आयोडीन की कमी से बचने के लिये आयोडीन युक्त नमक, हरी सब्जियां, अंडा, मछली, मशरूम, आलू,



फूल गोभी, आदि का सेवन किया जाना बताया गया। उपरोक्त दिवस पर जिला चिकित्सालय सह् शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण के संबंध में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सी.एच.ओ. प्रशिक्षणार्थी एवं बी.एस.सी. नर्सिंग के छात्राओं ने भाग लिए। ग्रामीण स्तर पर मितानिनों के द्वारा आयोडीन टेस्ट किया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में 21 से 27 अक्टूबर तक वैश्विक आयोडीन अस्पता विकार नियंत्रण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें नुक्कड़ नाटक, प्रचार प्रसार सामग्री के द्वारा आयोडीन युक्त नमक के सेवन द्वारा आयाडीन अल्पता विकार से बचाव के संबंध में जन साधारण में जन जागरूकता लाने हेतु कार्य किये जा रहे है।

### एनएसयूआई कार्यकर्ता चलायेंगे सदस्यता अभियान

**कोरबा।** एनएसयूआई की प्रदेश स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में कार्यकर्ता सदस्यता अभियान चलायेंगे। इसके अलावा सभी स्कूलों व महाविद्यालयों में समिति गठित की जायेगी। दीवाली के बाद सभी जिलाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में दौरा करेंगे। कोरबा जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया कि वे सभी विधानसभा अध्यक्षों के साथ दौरा करेंगे। कोरबा विधानसभा में दीवाकर राजपूत, ताराखार में गौरव श्रीवास्तव, रामपुर में नरेंद्र प्रजापति व कटघोरा में मनमोहन राठौर के साथ महाविद्यालयों का दौरान करेंगे। इसके अलावा सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जायेगी।

























## खास खबर

### दुगली पुलिस ने गांजा तस्करी करते तीन आरोपियों को किया गिफ्तार

**धमतरी ( ए )।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर अवैध गांजा अवैध शराब तस्करी एवं अवैध कारोबार के तस्करी पर अंकुश लगाने के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर साहू के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपीण्नगरी मयंक रणसिंह के नेतृत्व में लगातार मूखबिर तंत्र को मजबूत कर सतत् निगाह रखी जा रही है।

इसी तारतम्य में दुगली पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। 21 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली की तीन व्यक्ति सिहावा गट्टासिल्ली मार्ग से अवैध मादक पदार्थ गाजा लेकर धमतरी की ओर जा रहे हैं की सूचना पर थाना प्रभारी दुगली रमेश साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा बेथवापथरा फॉरेस्ट नाका थाना दुगली में घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी गणों से पूछताछ करने पर टाल मटोल करते रहे ।जब उनका तलाशी लिया गया उस दौरान उनके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा कुल 1.790 किलोग्राम कीमती 8450 एवं बिना नंबर की मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स 40000 जुमला 48450 को मौके पर समक्ष गवाहों के विधिवत जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों के विरुद्ध थाना दुगली में अप क्र 16/22 धारा 20 ( ख) एनडीपीएस एक्ट कायम किया जाकर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा जाता है ।मादक पदार्थ गांजा 1.790 किलोग्राम कीमती 8450 रूपये,बिना नंबरी मो0सा0 एचएफ डीलक्स कीमती 40000 रूपये ,जुमला कीमती 48450 रूपये। गिरफ्तार आरोपीगण-सैयद साहिल उर्फ मोंटी पिता सैयद फिरोज उम्र 24 वर्ष,अर्जुन उर्फपोहा यादव पिता परस यादव उम्र 19 वर्ष्र परमानंद उर्फभुनु साहू पिता संजय साहू उम्र 22 वर्ष सभी सकीनन पानी टंकी विंध्यवासिनी वार्ड गड्ढा पारा थाना सिटी कोतवाली धमतरी। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनि रमेश साहू सऊनि देवनाथ सिन्हा प्रधान आरक्षक राजेश चंद्राकर आरक्षक जगदीश ध्रुव सेवक रंगारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### परिवार के सदस्यों ने शराब पीना नहीं छोड़ा तो नाबालिग ने लगा ली फांसी

**बिलासपुर ( ए )।** 16 वर्षीय किशोर अपने परिवार के सदस्यों को शराब पीने से मना करता था, लेकिन किसी भी सदस्य ने बात नहीं मानी। इससे परेशान होकर किशोर काका पहाड़ के जंगल के पेड़ में फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। रतनपुर पुलिस ने शव को अस्पताल में सुरक्षित रखा दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार ग्राम घासीपुर के रहने वाला बजरंग पोर्ते पिता भागीरथी पोर्ते(17) रोजी मजदूरी करता था। शनिवार की सुबह वह खाना खाकर टहलने के लिए घर से निकला था। इसके बाद दोपहर तक उसका कुछ पता नहीं चला। दोपहर तीन बजे के आसपास घासीपुर गौठान के पीछे काका पहाड़ के जंगल में ग्रामीणों ने किशोरा का शव फांसी पर लटकते हुए देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने रतनपुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम जांच करने घटना स्थल पहुंची। शव को फंदे से उतारकर तलाशी ली गई। किशोरी की पहचान होने के बाद उसके स्वजन को घटना के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक बजरंग पोर्ते के परिवार के सभी सदस्य आए दिन शराब पीते हैं। बजरंग सभी लोगों को शराब पीने से मना करता था। लेकिन कोई उसकी बात को ध्यान नहीं दिया। दिवाली त्योहार के समय भी परिवार के सभी सदस्य शराब पीकर इधर-उधर पड़े थे।

### छत्तीसगढ़ में हेल्थ ऑफिसर से दुष्कर्म

# नाबालिग ने साथियों के साथ मिलकर हेल्थ सेंटर में ही युवती को बंधक बनाकर दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेन्द्रगढ़।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिल में नाबालिग ने अपने साथियों के साथ मिलकर उपस्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का रेप कर दिया। नाबालिग ने हेल्थ सेंटर में युवती को बंधक बनाया और रेप के बाद घटना की किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता वहां से निकलकर अपने घर गई और सारी बात बताई। इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। मामले पुलिस ने नाबालिग मुख्य आरोपी के सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक फरार बताया जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पाराडोल की निवासी युवती छिपछिपी के उप स्वास्थ्य केंद्र में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर है। वह रोज अपने घर से पांच किमी दूर काम पर आती है। उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी और ग्राम पंचायत भवन भी है। शुक्रवार से स्कूलों की छुट्टी दे दिए जाने के कारण स्कूल, आंगन बाड़ी बंद थे और पंचायत भवन भी दोपहर को बंद हो गया था।

बताया जा रहा है इस दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर युवती अकेली रह गई थी, बाकी कर्मचारी ठीकाकरण के लिए गए थे। इस बीच दोपहर बाद 3 बजे नाबालिग सहित तीन लोग हेल्थ सेंटर पहुंचे और युवती को बंधक बना लिया। इसके बाद नाबालिग ने युवती से बलात्कार किया। इस दौरान रामकुमार व ओम प्रकाश नाम के उसके साथी उसका साथ दे रहे थे। यही नही आरोपियों ने यहां के कोटवार के नाती का कैमरा लाया और उससे वीडियो भी बनाया।

घटना के बाद आरोपी युवती को खोल दिया और घटना की किसी को भी जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और और परिजनों के साथ झगराखांड थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया गया। घटना के बाद पुलिस ने नाबालिग सहित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चौथे आरोपी की तलाश की जा रही है।



### तालाब में हाथी का शव मिलने से हड़कंप, मौके पर पहुंचे वन अधिकारी

**सूरजपुर ( ए )।** सूरजपुर में हाथियों के आंतक के बीच एक हाथी का तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया। इससे पहले भी एक हाथी की मौत की खबर सामने आई थी। सामने आए दूसरे मामले की जांच वन अमला कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रतापपुर वन परिक्षेत्र का यह मामला। बताया जा रहा है कि टुकुड़ांड़ गांव के तालाब में जब हाथी का शव देखा तो दंग रह गए। इसके बाद यह खबर तेजी से फैल गई। सूचना पर वन अमला का टीम पहुंची है। प्रारंभिक जांच के बाद वन अमला के कर्मचारियों का कहना है कि हाथियों के आपसी भिड़ंत हुई होगी। जिसमें एक हाथी की मौत हो गई। फिलहाल वन अमला मौके पर मौत की वजह तलाश रही है।

### नए सीएसपी की जुआरियों व सटोरियों को खुली चेतावनी

## 18 जुआरियों को पकड़ने के साथ ही अपना नंबर भी किया पब्लिक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छावनी के नगर पुलिस अधीक्षक बने प्रशिक्षु आईपीएस प्रभात कुमार ने जुआरियों व सटोरियों को खुली चेतवानी दी है। उन्होंने छावनी सीएसपी का पदभार संभालने के साथ ही शनिवार को जुआरियों पर बड़ी कार्रवाई की है। जामुल थाना क्षेत्र के उन्होंने शंकरनगर छावनी में 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी जुआ खेल रहे थे और इनके पास से 52 पत्ती ताश के साथ ही कैश भी बरामद किया गया है। साथ ही उन्होंने अपना नंबर पब्लिक करते हुए जुआ व सट्टा न खेलने की हिदायत भी दी।

मिली जानकारी के अनुसार जामुल थाना अंतर्गत शंकर नगर में लंबे समय से बड़े पैमाने पर जुआ सट्टा का खेल चल रहा थ। इसकी सूचना मिलने पर सीएसपी प्रभात कुमार ने अपनी टीम के साथ दबिश दी। रेड के दौरान शंकर नगर पानी टंकी के पास एक मकान में जुए का फड़ लगा हुआ था। 30 से ज्यादा लोग यहां बैठे हुए थे। पुलिस को देखते ही यहां भगदड़ मच गई। सीएसपी प्रभात कुमार कव उनकी टीम ने 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

सीएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जुआरियों के पास से 28749 रुपए जब्त कर जुआ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 9479194846 सार्वजनिक कर कहा कि जहां भी जुआ व सट्टा की जानकारी मिले तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि मैसेज कर लैंडमार्क जरूर बताएं ताकि जगह पहुंचने में आसानी हो। साथ ही उन्होंने जुआरियों व सटोरियों को भी चेतवनी भरे लहजे में कहा कि यह सब बंद कर दें।

# हाथी के शावक को जहर देकर मारा 12 गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**बिलासपुर ( ए )।** कटघोरा वन मंडल के पसान सर्किल में दो दिन पहले ग्रामीणों ने एक हाथी को मारकर खेत में दफना दिया। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला पहुंचा और खेत खोदकर हाथी के शव को निकलवाकर उसका पोस्टमार्टम कराया। प्रथम रिपोर्ट के मुताबिक हाथी के शावक को खाने के सामान में जहर दिया जाना प्रतीत हो रहा है। इस मामले में वन विभाग ने 12 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। मुख्य आरोपी फरार हो गया है।

पसान सर्किल के ग्राम बनिया के ग्रामीणों ने 20 अक्टूबर को एक शावक को मारकर उसे खेत में दफना दिया। जिस हाथी को मारकर दफन किया गया वह लगभग 2 वर्ष का नर था। इस मामले में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि हाथी महाबलेश्वर संवर के खेत में मरा था। कोमल सिंह तंवर के कहने पर उसे खेत में गड्ढा करके गाड़ दिया गया था। उसके ऊपर धान का थरहा भी लगा दिए थे। यह काम सभी ने मिलकर तड़के 3 बजे से सुबह 8 बजे के बीच किया गया था। आरोपियों का कहना है कि हाथी मृत पाया गया तो उन्होंने दफ्ना दिया।शव को निकालने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया गया तो उसके पेट में धान, महुआ आदि खाद्य पदार्थ मिला। इसमें जहर था। बताया जा रहा है कि फरार कोमल सिंह ने 18 अक्टूबर को वन विभाग को धमकी देते हुए हाथियों को मार देने की बात कही थी और हाथी का मृत शरीर 19 अक्टूबर को खेत के मालिक महाबलेश्वर ने देखा एवं 19 अक्टूबर को रात में कोमल सिंह के कहने पर ही उसने 8-9 सहयोगियों के साथ हाथी को यहीं पर दफन कर दिया। इस मामले में कोमल कुमार वल्द विष्णु गगल 51 वर्ष, महाबलेश्वर सिंह वल्द रामखिलावन 53 वर्ष, लकेश्वर प्रताप सिंह वल्द जगदीश चंद्रमणि 32 वर्ष, जगदीश चंद्रमणि वल्द भगवत सिंह 57 वर्ष, उदय कुमार वल्द विष्णु मंगल 45 वर्ष, धनसिंह व आनंदराम 40 वर्ष, कृपाल कुमार वल्द सुखनंदन 24 वर्ष, अरुण कुमार वल्द सूर्यकुमार 24 वर्ष, चंद्रशेखर पटेल वल्द पंचराम पटेल 16 वर्ष, सूरज कुमार वल्द छत राम 31 वर्ष, राजेन्द्र वल्द आनंदराम 35 वर्ष, घूरनदास वल्द मानिकदास 35 वर्ष और जगत श्रीवास वल्द टिक्कूराम 40 वर्ष ग्राम बनिया पर कार्रवाई की गई।

## इलेक्ट्रॉनिक बाइक डीलरशिप दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर ( ए )।** इलेक्ट्रॉनिक बाइक की डीलरशिप दिलाने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मामला जगदलपुर का है। जहां एक युवक टेलीफोनिक फ्रॉड का शिकार हुआ है। वो तो गनीमत रही पुलिस ने सही टाइम पर एक्शन लिया और फ्रॉड करने वाले आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इसी साल जून में जगदलपुर के रहने वाले आशीष अग्रवाल के मोबाइल फेन पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। शख्स ने खुद को इलेक्ट्रिक बाइक का डीलरशिप देने वाला बताया। बातों-बातों में ही उसने आशीष अग्रवाल को अपने जाल में फंसा लिया।



पुलिस ने बताया कि इलेक्ट्रिक बाइक की डीलरशिप दिलाने के नाम पर युवक से करीब 9 लाख 30 हजार 500 रुपए की ठगी की गई थी। हालांकि, मामले की शिकायत के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने बिहार से आरोपी युवकों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से करीब 44 एटीएम कार्ड भी बरामद किया गया है।

#### ऐसे पहुंची पुलिस आरोपी तक

जिस बैंक में युवक ने पैसे ट्रांसफर किए थे उसकी पूरी फाइल खंगाली गई। जिसमें पता चला कि आरोपी का नाम शशिकांत प्रसाद (24) है, जो बिहार के नालंदा का रहने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी को पकडने के लिए बिहार भेजा। जहां एक घर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बाप की हवस का शिकार हुई मासूम, सच्चाई सामने आई तो मां ने दर्ज कराई शिकायत, आरोपी पिता फरार

**बिलासपुर।** जिले में एक पिता की हैवानियत का मामला सामने आया है। पिता पर अपनी की 9 साल की बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। बेटी से दुष्कर्म की जानकारी जब मां को लगी तो उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी पिता फरार बताया जा रहा है। यह मामला बिलासपुर के सकरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सकरी क्षेत्र की रहने वाली महिला की 2014 में रायगढ़ निवासी एक उद्योगपति से हुई। शादी के बाद उनकी एक बेटी हुई लेकिन, पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं होने के कारण महिला अपनी बेटी के साथ मायके में रहने लगी। इस बीच



पिता की अपनी ही बेटी पर नीयत बिगड़ गई और उसने उससे दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। अक्सर बिलासपुर आता और बेटी से गंदा काम करता। बेटी ने इसकी शिकायत अपनी से की थी इसके बाद महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

महिला ने बताय कि बीते जुलाई माह से उसके पति की नीयत बेटी पर बिगड़ गई थी। उसने रायगढ़ में भी बेटी के साथ गलत हरकत की थी इसका विरोध करने के कारण ही वह मारपीट करने लगा था। बिलासपुर आकर उसका व्यवहार अच्छा था लेकिन हमें क्या पता था कि उसके दीमाग में क्या चल रहा है। इधर इस मामले में एसपी पारुल माथुर के निर्देश पर अपराध दर्ज कर लिया गया हैं। बताया जा रहा है कि अपराध दर्ज होने की जानकारी होने के बाद आरोपी पिता रायगढ़ से कहीं फरार हो गया है।


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### सफाई के लिए चलाया गया विशेष अभियान

**दुर्ग।** भारत सरकार द्वारा साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें स्थान प्रबंधन, रिकार्ड डिजिटलीकरण, स्क्रैप निपटान, अनुपालन दायित्वों का कम करना इत्यादि मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में कुल 72 क्षेत्रीय/ उपक्षेत्रीय/ आंचलिक कार्यालयों को विशेष अभियान 2.0 के लिए चयनित किया गया है, जिसमें से उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग भी एक कार्यालय है। भारत सरकार द्वारा इस अभियान की निगरानी उच्चतम स्तर पर की जा रही है। उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग द्वारा सफाई अभियान के लिए 21 अक्टूबर को कार्यालय परिसर तथा एकता परिसर को चुन कर उसकी सफाई की गई है । इस उद्देश्य से 21 अक्टूबर कार्यालय परिसर तथा एकता परिसर में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

### वनस्पति शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों के स्व सहायता समूह ने अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का स्टाल लगाया

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वाशासी महाविद्यालय दुर्ग के वनस्पति शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों के स्व सहायता समूह ने अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का स्टॉल लगाया, इस लघु उद्योग स्टॉल में दिपावली के लिए सजावटी दिये, मोमबत्तियां, पेपर क्राफ्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेडिसीनल पौधें, बीज, फेस पैक, हेयर ऑइल, होम मेड शैम्पू, बड़ी, दंत मंजन, बाती आदि कई विद्यार्थियों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के द्वारा बड़ी संख्या में इन्हें खरीदा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह ने स्टॉल में का उद्घाटन किया एवं प्रत्येक स्टॉल से कुछ ना कुछ समान खरीदा और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं इस कार्यक्रम की सह संयोजक डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वनस्पति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रहीं। इस दिन बेस्ट स्टाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ. राजेन्द्र चैबे, डॉ जगजीत कौर सलूजा, डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. सोमाली गुप्ता ने निर्णायको के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई।

### ग्राहक एवं हितधारकों के लिए विपणन विभाग द्वारा शिकायत निवारण बैठक का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 से 06 नवम्बर, 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत है। सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन विभाग द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को विपणन विभाग में ग्राहक एवं हितधारकों के विभिन्न मुद्दों व शिकायतों को दूर करने और उन्हें विभिन्न प्रणालीगत सुधार के बारे में जागरूक करने के लिए एक ग्राहक सभा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने ग्राहकों तथा अन्य हितधारकों के लाभ के लिए उठाए गए पारदर्शी और नैतिक व्यवसाय प्रथाओं को बनाए रखने की दिशा में किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का प्रारंभ सतर्कता विभाग द्वारा सभा को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के सेकेण्डरी प्रोडक्ट एवं सामग्रियों की बिक्री से जुड़े लगभग 20 ग्राहकों ने भाग लिया। संबंधित विभागों जैसे वित्त, सीओ एंड सीसीडी, एमआरडी, ब्लास्ट फर्नेस, डिस्पोजल सेक्शन, मेटल जंक्शन आदि के संबंधित अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में षिरकत की।

---

### धनतेरस पर खुर्सीपार को विधायक देवेन्द्र की एक और सौगात

# भगवान श्रीराम के नाम से बनेगा स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन कैंपस

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने धनतेरस के अवसर पर शहर के युवाओं और बच्चों को बड़ी सौंगात दी है। खुर्सीपार क्षेत्र में विधायक की पहल से भगवान श्रीराम स्टपोट्स एडं एजुकेशन सेंटर खोला जाएगा। जहां खेल के साथ ही सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं होगी। इससे पहले विधायक देवेन्द्र यादव ने खुर्सीपार में धनतेरत से मौके पर 11 हजार दीपक लोगों के साथ मिलकर बनाए।



धनतेरस के अवसर पर खुर्सीपार श्रीराम चौक में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया था। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की उपस्थिति में यहां धनतेरस पर्व धूमधाम से मनाया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासी व युवाओं ने विधायक देवेंद्र यादव के साथ मिलकर श्रीराम चौक में 11 हजार दीप जलाए। इस दौरान शहर के बच्चे और युवाओं के कॅरियर को ध्यान में रखते हुए उन्हें आगे बढ़ाने और खेल के साथ ही बेहतर शिक्षा व्यवस्था की सुविधा देने के लिए भगवान श्रीराम स्पोर्ट्स एवं एजुकेशन कैम्पस की सौगात देते हुए घोषणा की। अपने घोषणा में विधायक श्री यादव ने बताया कि उन्होंने शहर के युवाओं और बच्चों के लिए इसकी पूरी प्लानिंग कर ली है। यह शहर व जिले का पहला ऐसा एजुकेशन सेंटर होगा, जहां खेल और लाइब्रेरी दोनों होंगे। यहां युवाओं को खेल के साथ ही बेहतर शिक्षा के सुविधा संसाधन उपलब्ध कराएं जाएंगे। पूरो कैम्पस ही बेहतर व सर्व सुविधा युक्त होगा।

---

## सत्यनारायण अग्रवाल पत्नी के साथ लौटे भाजपा में, टिकट नहीं मिलने पर 2015 में निर्दलीय लड़ा था मेयर चुनाव





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम के महापौर का टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर 2015 में निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सत्यनारायण अग्रवाल 6 साल बाद फिर से भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ फिर से भाजपा में ज्वाइन हो गए हैं।

सत्यनारायण अग्रवाल ने 2015 में टिकट की दावेदारी की थी लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला था। इसके बाद वे निर्दलीय ही मैदान में कूद गए। हालांकि वे चुनाव हार गए लेकिन उन्होंने भाजपा से बगावत कर ली थी। बगावत के कारण पार्टी ने उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था। पार्टी से निष्कासित होने के बाद भी सत्यनारायण अग्रवाल ने कभी भी दूसरी पार्टी ज्वाइन नहीं कि और मन से भाजपाई ही रहे। उनकी निष्ठा का इनाम मिला है। वहीं उनकी पत्नी अतिना अग्रवाल भी महिला मोर्चा में अनेक पदों पर रही हैं। दोनों की वापसी से माना जा रहा है कि भिलाई भाजपा की राजनीति में फिर से उबाल आएगा। सत्यनारायण अग्रवाल की वापसी को आगामी चुनाव के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

---

### महापौर ने शहर के वासियों को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की दी अग्रिम शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम !शहर विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।धनतेरस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भगवान धन्वंतरि की कृपा से शहर वासियों का जीवन स्वस्थ और खुशहाल रहे एवं आप सभी का जीवन सुख-समृद्धि और वैभव से परिपूर्ण हो।महापौर ने दीपो के पावन पर्व दीपावली पर शहर के प्रत्येक रहवासियों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की हैं। महापौर कहा कि दीपावली का पावन पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की अलौकिकता का प्रतीक है। हम सभी भारतीय इस पर्व को हर्ष-उल्लास के साथ मनाते है। दीपावली का यह पावन पर्व हम सभी के जीवन को प्रकाशमय करे,महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि धनतेरस व दीपावली खुशहाली की पर्व है जिसमें धन धान्य की समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की जाती है और दीप प्रज्वलन से जीवन में एक नई रोशनी की संचार होती है मैं धनतेरस एवम दीपोत्सव के पावन अवसर पर शहर वासियों के लिए सुख समृद्धि व उन्नति की कामना करता हूं।

---

### जिले के ढाई सौ युवाओं को मिला दीपावली के पहले गिफ्ट

# केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. भारती पवार ने सौंपे नियक्ति पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। जिले के ढाई सौ से ज्यादा युवाओं को दीपावली के पहले नौकरी का गिफ्ट मिल गया। शनिवार को देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले का शुभारंभ किया। केन्द्र सरकार के कई उपक्रम में 75 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी गई।



भिलाई के कला मंदिर में शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने 25 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर सांसद विजय बघेल, विधायक विद्यारतन भसीन, भिलाई भाजपा अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, दुर्ग भाजपा अध्यक्ष, सहित पोस्ट ऑफिस, बीएसपी, रेलवे सहित कई अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

इस मौके पर दिल्ली से लाइव पीएम मोदी के कार्यक्रम को भी देखा। कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ भारती पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की बात कही थी, यह नौकरियां पहले भी मिल रही थी, लेकिन आजादी के अमृतकाल महोत्सव को सेलिब्रेट करने देशभर में एक साथ 75226 युवाओं को एक साथ नियुक्ति पत्र देने के लिए इसे यादगार बनाया गया।

डाक विभाग में 211 नियुक्ति

कार्यक्रम में भारतीय डाक विभाग के 211 चयनित अभ्यर्थियों सहित रेल मंत्रालय के अधीन 25 व भिलाई इस्पात संयंत्र के 12 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। रोजगार मेला का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं निदेशक, डाक सेवाएं, छ.ग. परिमंडल, रायपुर दिनेश मिस्त्री के एवं प्रवर अधीक्षक डाकघर, दुर्ग संभाग हरीश कुमार महावर आदि मौजूद थे।

---

# वोरा ने खरीदे मिट्टी के दीये और पाटखे

### सुरक्षा के इंतज़ाम बेहतर बनाने दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज धनतेरस के मौके पर मार्केट जाकर मिट्टी के दीये खरीदे। पटाखे सहित दीप पर्व के लिए अन्य सामग्री की खरीदी भी की। वोरा ने शहर के नागरिकों से स्थानीय कुम्हारों द्वारा तैयार मिट्टी के दीये खरीदने की अपील की। वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मेहनतकश कुम्हारों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये व अन्य सामग्री खरीदने की अपील की गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील पहल से कुम्हारों की सामग्री बिकेगी और उन्हें भी दीप पर्व की खुशियां मनाने का अवसर मिलेगा। वोरा ने इंदिरा मार्केट व समृद्धि बाजार सहित अन्य मार्केट में जनता व व्यापारियों को कोई समस्या न होने देने के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों को चौकस रहने कहा है। पार्किंग के साथ ही हर तरह से सुरक्षा के प्रति मुस्तैद रहने के निर्देश देते हुए वोरा ने कहा कि नगर निगम को सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वोरा ने कल लोक कला मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये थे। आज दीप पर्व के अवसर पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है।

वोरा ने स्वयं सुआ चौक व लोक कला मार्ग में लगी मूर्तियो को साफकिया व प्रकाश से रोशन विधायक निधी से करवाया कहा कि हमे अपने घर के अलावा शहर की साफसफाई के प्रति जागरूक की आवश्यकता है तभी हम हमर दुर्ग हमर घर को प्रदेश में अग्रणी रख पाएंगे साथ ही स्वास्थ के प्रति पर्यावरण को स्वछ रखने में कामयाब होंगे।

---




---

# एफआईआर में एक कॉलम और जोड़ ले पुलिस

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

श्रीकंचनपथ न्यूज

समाज है तो अपराध भी होगा ही. दूसरों का माल हड़पने के लिए तो अपराध होते ही हैं, कभी-कभी अपनी बात मनवाने के लिए भी हिंसा की जाती है. अपराध बाहर वालों के खिलाफभी हो सकता है और परिवार वालों के खिलाफभी. घर की चाहरदीवारी के भीतर होने वाले अपराध पहले दिखाई नहीं देते थे. पर अब वक्त बदल गया है. लोकलाज के भय से मामला छिपाने के दिन लद चुके हैं. बल्कि कई बार तो दबाव बनाने के लिए झूठे मामले भी दर्ज कराए जाते हैं. कभी कभी मामला इतना मसालेदार होता है कि देखते-ही-देखते वह वायरल हो जाता है. पोर्टल की ट्रैफिक बढ़ जाती है. टैग और क्रांस लिंकिंग की सुविधा होने के कारण ऐसी सभी नई-पुरानी खबरों को एक ही पोर्टल पर, एक के बाद एक पढ़ा जा सकता है. एक खबर आई कि बीवी नॉनवेज खाती थी, गुटखा खाकर बेडरूम में ही थूक देती थी, शराब पीती थी. आत्महत्या करने की कोशिश करती थी और ससुराल वालों को फंसा देने की धमकी देती थी. फैमिली कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर पति हाईकोर्ट की शरण में गया. वहां मामला सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया है. इसी तरह तमाम पंडिताई के बाद हुई एक उद्योगपति की शादी भी नहीं चली. थोड़े ही दिन में पति शराब पीकर घर लौटने लगा. पत्नी अब मायके में रहती है. उसने पति पर अपनी ही 9 साल की बेटी पर बुरी नजर रखने और उसका यौनशोषण करने का आरोप लगाया है. पति फिलहाल फरार चल रहा है. किसी को ब्लैकमेलर परेशान करते हैं तो किसी के यहां डाका पड़ जाता है. संपत्ति की लड़ाई तो त्रेता और द्वापर काल से चली जा रही है. पर जब अपराधों की संख्या बढ़ने लगे तो समाज चिंतित होता है. पुलिस प्रथम दृष्टया झूठे या अहस्तक्षेप योग्य अपराधों के एफआईआर दर्ज न करे तो जनता नाराज और दर्ज करे तो अपराध का बढ़ता ग्राफ विषय बन जाता है. फिलहाल छत्तीसगढ़ में अपराधों का ग्राफबढ़ रहा है. जब से यूपी में पुलिस सख्त हुई है, अपराधी सीधे-सादे लोगों के राज्य छत्तीसगढ़ का रुख करने लगे हैं. इन सबसे परे छत्तीसगढ़ में अपराध अब राजनीति का विषय हो गया है. भाजपा बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है तो कांग्रेस अपराधियों के भाजपा से संबंध पर चुटकियां ले रही है. कांग्रेस ने नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से यह भी कहा है कि भाजपा शासन के मुकाबले कांग्रेस शासन में सभी प्रकार के अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है. अब पुलिस एक काम और कर सकती है ङ्क अपराध दर्ज करते समय आरोपी का नाम, वल्दीयत, उम्र, लिंग, पता के साथ ही उसकी पार्टी का नाम भी दर्ज करे. बिना बहस मुबाहसे के लोगों को पता चल जाएगा कि किस पार्टी के पास कितने अपराधी हैं. कांव-कांव से कुछ तो निजात मिलेगी.

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950